रोहतक

**बुधवार 10 जून 2026**

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 126
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम** हरियाणा
अधि. 45.9°C
न्यून. 23.8°C

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 आखिरी चार गेंदों में चटकाए तीन विकेट इंडिया ए की श्रीलंका ए पर रोमांचक जीत





रोहतक के डी पार्क पर भीषण अग्निकांड

# जूते के शोरूम से उठी चिंगारी ने 10 दुकानों को निगला, 3 जिंदा जले, शव बरामद

दोपहर 2:15 बजे एसी के कंप्रेशर में ब्लास्ट | चिंगारी से सामान में भीषण आग लगी | करीब 5 घंटे में आग पर काबू पाया गया | लाखों का नुकसान दुकानदारों में रोष | बोले, देरी से आई फायर ब्रिगेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के सबसे व्यस्त इलाके डी-पार्क क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक जूते के शोरूम में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ ही मिनटों में आग आसपास की 10 दुकानों तक फैल गई और पूरा इलाका धुएं व लपटों से घिर गया। घटना ने न केवल व्यापारियों बल्कि पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। आग को बुझाने के लिए सात जिलों की फायर ब्रिगेड लगानी पड़ी। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद प्रशासन ने आग पर काबू पाया। देर शाम एनडीआरएफ की टीम ने 3 शव बरामद किए। मृतकों की पहचान सौरभ उर्फ रोहित (19), अमन (38) और कपिल (50) के रूप में हुई। एनडीआरएफ दुकानों में मलबे को देर रात तक खंगालती रही।

### पहली मंजिल पर लगी आग, तेजी से फैली

दोपहर करीब पौने दो बजे सबसे पहले एक जूते के शोरूम से धुआं उठता दिखाई दिया। शोरूम में काम करने वाले एक कर्मचारी ने बताया कि जैसे ही उसने धुआं देखा, वह बाहर रखे बोरे और कार्टून हटाने लगा ताकि नुकसान कम हो सके। इसी दौरान शोरूम की पहली मंजिल पर लगे एसी में तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ और आग अचानक भड़क उठी। कुछ ही क्षणों में आग ने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया।

### हादसे में इनकी जान गई




### 30 मीटर दूर पुलिस चौकी

कर्मचारी ने तुरंत करीब 30 मीटर दूर स्थित पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की सूचना दी। तब तक शोरूम में मौजूद ग्राहकों को बाहर निकाल लिया गया था, लेकिन आग तेजी से फैली और आसपास की दुकानों के बाहर रखे सामान भी इसकी चपेट में आ गए।

### एनडीआरएफ ने संभाला मोर्चा

देखते ही देखते दस दुकानों में आग फैल गई और चारों ओर चीख-पुकार मच गई। ऐसे में दुकानों में काम करने वाले तीन कर्मचारी भी अंदर ही फंस गए। सूचना मिलने के बाद दोपहर 2 बजकर 26 मिनट पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की भयावहता को देखते हुए लगातार अतिरिक्त दमकल वाहनों को बुलाया गया। बाद में एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। आग पर काबू पाने के लिए बचाव दल को दुकानों की पिछली दीवारें तक तोड़नी पड़ीं। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया जा सका।

*लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि फायर ब्रिगेड गाड़ियों के देरी से आने की जांच कराई जाएगी। हम दुकानदारों के साथ हैं। इन्हें मुआवजा दिलाया जाएगा।*

### जूता शोरूम के मालिक के बेटे की भी जान गई

घटना के बाद सबसे दर्दनाक पहलू यह सामने आया कि एक जूता शोरूम के मालिक के बेटे सौरभ की भी इस दर्दनाक हादसे में जलने से मौत हो गई। दुकान मालिक ने बताया कि उसका बेटा सौरभ आग लगने के बाद अंदर ही फंस गया। उसे बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला। पिता बाहर उसे बचाने के लिए बिलखता रहा और गुहार लगाता रहा, लेकिन बचा नहीं पाया।

### फायर ब्रिगेड के देरी से पहुंचने पर सवाल

- प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद शुरुआत में फायर ब्रिगेड की केवल एक गाड़ी ही मौके पर पहुंची। एसपी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी तो जल्द पहुंच गए थे, लेकिन अतिरिक्त गाड़ियों को पहुंचने में समय लग गया। इसी देरी के कारण आग लगातार फैलती गई।
- बाद में 5 अन्य जिलों से गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक आग काफी नुकसान कर चुकी थी। मौके पर मौजूद दुकानदारों ने बताया कि याद नहीं कि रोहतक में पहले कभी आग लगने की इतनी बड़ी घटना हुई हो। 10 दुकानदारों के पास अब कुछ नहीं बचा है। एक तरह से पूरी मार्केट खाक हो गई है। आसपास जो दुकानें बची भी हैं, उनको भी नुकसान पहुंचा है।






जयपुर में ज्वलनशील पदार्थ के कारण हादसा

### पटाखा गोदाम में आग बच्चे समेत 8 की मौत

जयपुर (एजेंसी)। खोह नागोरियान इलाके में स्थित पटाखों के गोदाम में मंगलवार सुबह 11 बजे भीषण आग लग गई। अग्निकांड में बच्चे समेत आठ लोगों की मौत हो गई। एक मजदूर झुलस गया। मरने वालों में अब्दुल वाहिद (50), राबिल, बिलाल (30), समीर (20) और अजीम उर्फ आविद शामिल हैं। 2 मृतकों की शिनाख्त नहीं हुई है। वहीं नासिर एसएमएस हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में भर्ती है। एसएमएस अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर आरके जैन ने बताया- नासिर 95% झुलस गया। जयपुर कलेक्टर संदेश नायक ने बताया- पटाखों का गोदाम खोह नागोरियान में आयशा नगर तलाई क्षेत्र आईटीआई कॉलेज के पास है। कोई ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग लगी है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया- जहां हादसा हुआ, वो पटाखे रखने का गोदाम है।

### लॉस एंजिलिस मेयर चुनाव की दौड़ में भारतवंशी नित्या

लास एंजलिस। भारतीय मूल की अमेरिकी नेता और लॉस एंजिलिस सिटी काउंसिल सदस्य नित्या रमन ने मेयर चुनाव में महत्वपूर्ण



सफलता हासिल करते हुए जनरल इलेक्शन के लिए जगह बना ली है। उन्होंने पूर्व रियलिटी टीवी स्टार स्पेंसर प्रैट को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर कब्जा किया और अब नवंबर में मौजूदा मेयर करेन बास को चुनौती देंगी। नित्या रमन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मतदाताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि हजारों स्वयंसेवकों और समर्थकों के सहयोग से संभव हुई है। अब नवंबर में उनका मुकाबला मौजूदा मेयर करेन बास से होगा।




## सीपीए नॉर्थ जोन कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्र में भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा

# विकसित भारत 2047 के लिए जनप्रतिनिधियों ने किया मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़




हरियाणा विधानसभा द्वारा आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन जोन-2 कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्र में विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों और राज्यसभा के उपसभापति ने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य, भविष्य की चुनौतियों तथा जागरूक समाज एवं विधायकों की भूमिका पर विस्तार से विचार साझा किए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी कांफ्रेंस में लोकतंत्र को मजबूत बनाने, जनभागीदारी बढ़ाने और तकनीक के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद और विचार-विमर्श से जनप्रतिनिधियों को नए अनुभव प्राप्त होते हैं, जो देश के विकास में उनकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाते हैं।

मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने कहा कि सम्मेलन में होने वाला विचार-मंथन विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता में एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और लोकतंत्र की मजबूती के कारण आज भारत विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए आर्थिक, सामाजिक और नागरिक जागरूकता को आवश्यक बताया। इस मौके पर विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### संसदीय लोकतंत्र समान रूप से सशक्त हो

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि देश का समग्र विकास तभी संभव है, जब सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी उन्नति और संसदीय लोकतंत्र समान रूप से मजबूत हों। उन्होंने कहा कि जनता की जिम्मेदारी केवल प्रतिनिधि चुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि नीति निर्माण में सहयोग देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी नई तकनीकों की जानकारी से स्वयं को अपडेट रखने का आह्वान किया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने कहा कि भारत विकास के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है और इस गति को और तेज करने की आवश्यकता है।

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने सीएम से की भेंट

# माइकल क्लार्क की गेंद सीएम सैनी ने मारा छक्का

**चंडीगढ़।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से संत कबीर कुटीर में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों ने क्रिकेट और खेलों के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा मैत्रीपूर्ण माहौल में क्रिकेट भी खेला।

मुलाकात के दौरान माइकल क्लार्क ने मुख्यमंत्री के खेल प्रेम और क्रिकेट के प्रति उनके उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें बेहद खुशी हुई। क्लार्क ने मुस्कुराते हुए बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को एक गेंद फेंकी, जिस पर मुख्यमंत्री ने शानदार छक्का जड़ दिया। माइकल क्लार्क ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं तथा खेल दोनों देशों को और अधिक करीब लाने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं।



### हरियाणा खेल प्रतिभाओं की भूमि



उन्होंने हरियाणा को खेल प्रतिभाओं की भूमि बताते हुए कहा कि राज्य ने देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हरियाणा से भविष्य में और भी उत्कृष्ट क्रिकेटर उभरकर सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि वह हरियाणा में अधिक समय बिताना चाहते हैं ताकि युवा खिलाड़ियों को अपने अनुभवों का लाभ दे सकें। साथ ही, भविष्य में क्रिकेट अकादमी स्थापित करने की संभावना पर भी विचार किया जा सकता है। क्लार्क ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय युवा खिलाड़ियों के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयासरत रहेंगे।

# बैंक घोटाले में आईएएस अफसरों की संपत्तियां सीबीआई के रडार पर

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले की जांच में आय व अचल संपत्तियों का रिकॉर्ड खंगाल रही सीबीआई

■ छापेमारी में सीबीआई के हाथ अहम सुराग लगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी विभागों से जुड़े आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले की जांच के दायरे में आए आईएएस अधिकारियों की आय और संपत्तियों की भी अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पड़ताल कर रही है। हाल ही में संबंधित अधिकारियों के आवासों पर छापेमारी के बाद जांच एजेंसी ने उनकी घोषित अचल संपत्तियों और आय संबंधी रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई अधिकारियों द्वारा सरकारी पोर्टल पर 1 जनवरी 2026 को दाखिल किए गए इमूवेबल प्रॉपर्टी रिटर्न (आईपीआर) सहित अन्य दस्तावेजों का अध्ययन कर रही है।

रिकॉर्ड के मुताबिक 1 जनवरी 2024 से जनवरी 2026 के बीच संबंधित अधिकारियों ने कोई नई अचल संपत्ति नहीं खरीदी है। हालांकि इस अवधि में उनकी कुछ संपत्तियों के मूल्य में वृद्धि, किराये की आय में बढ़ोतरी और वेतन वृद्धि दर्ज हुई है। बताया जा रहा है कि संबंधित अधिकारियों की संपत्तियां पंचकूला, गुरुग्राम, नई दिल्ली, मोहाली, धनबाद और चंडीगढ़ सहित छह शहरों में स्थित हैं। सीबीआई इन संपत्तियों और आय के स्त्रोतों का मिलान उपलब्ध रिकॉर्ड और जांच में जुटाए गए दस्तावेजों से कर रही है। जांच के दायरे में आए अधिकारियों में मोहम्मद शाइन, पंकज अग्रवाल और प्रदीप कुमार के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। बैंक फ्रॉड की अवधि के दौरान मोहम्मद शाइन हरियाणा पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) में प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात रहे थे। वहीं पंकज अग्रवाल कृषि विभाग में प्रशासनिक सचिव और प्रदीप कुमार राज्य परिवहन विभाग में निदेशक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

# खाद्य सुरक्षा के लिए 8 नई लैब स्थापित होंगी



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बड़े स्तर पर खाद्य परीक्षण अवसंरचना के विस्तार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के सहयोग से हिसार, जींद, नारनौल, सिरसा और यमुनानगर में समेकित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं (सीआईएफटीएल) स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और रोहतक में शत-प्रतिशत फंडिंग मॉडल के तहत नई प्रयोगशालाएं स्थापित करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड को भेजा गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में खाद्य सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए तैयार रोडमैप की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रयोगशालाएं खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान, गुणवत्ता मानकों की निगरानी होगी।

# अब रजिस्ट्री के साथ ही होगा दाखिल-खारिज

■ हरियाणा में भूमि रिकॉर्ड होंगे पूरी तरह डिजिटल, ऑटो-म्यूटेशन से मिलेगी राहत

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने भूमि रिकॉर्ड प्रशासन को अधिक पारदर्शी, तेज और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्यभर में ऑटो-म्यूटेशन (स्वतः दाखिल-खारिज) प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस व्यवस्था के तहत संपत्ति के पंजीकरण के साथ ही राजस्व रिकॉर्ड में दाखिल-खारिज की प्रविष्टि स्वतः दर्ज हो जाएगी, जिससे लोगों को अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि राज्य में भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और पुराने दाखिल-खारिज रिकॉर्ड को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इसके परिणामस्वरूप पिछले छह महीनों में लंबित दाखिल-खारिज मामलों में 90 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। लंबित मामलों की संख्या करीब पांच लाख से घटकर 50 हजार रह गई है।

## कार्यालय सिविल सर्जन, रोहतक
### पता - जिला मलेरिया कार्यालय, रोहतक

जिला मलेरिया कार्यालय, रोहतक के तहत रोहतक जिले में डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर (DBCs) के रूप में स्वयंसेवकों के पदों के लिए मैट्रिक (10वीं) पास उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह पद पूरी तरह से अनुबंध (contract) के आधार पर शुरुआती रूप से 30/11/2026 तक की निश्चित अवधि के लिए हैं। कार्य का आवंटन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा।

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र, सभी आवश्यक योग्यता प्रमाणपत्रों और संबंधित दस्तावेजों की सत्यापित/स्व-सत्यापित (attested/self-attested) फोटोकॉपी के साथ, जिला मलेरिया कार्यालय रोहतक (कार्यालय सिविल सर्जन, रोहतक) में अंतिम तिथि 16/06/2026 को शाम 04:00 बजे से पहले खुद जाकर (by hand) जमा करना होगा।

अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे और उन्हें खारिज कर दिया जाएगा। जिन आवेदकों ने पहले ही उपरोक्त पदों पर लगातार 5 वर्षों तक काम किया है, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी पूछताछ और आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए कृपया जिला मलेरिया कार्यालय (DMO Office) रोहतक से संपर्क करें।

**Sd/-CIVIL SURGEON, ROHTAK**

पीआरडीएच-1058/11/1369/2027/46026/88/6 दि. 09.06.2026

## उद्यान विभाग, हरियाणा
### पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनिमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

### केन्द्र पर ornamental पौधे खरीदने हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर ornamental पौधे खरीदें जाने है जिसका साईज लगभग 8 से 10 इंच होना चाहिए व पौधे पोलीबैग या प्लास्टिक गमलों में लगे होने चाहिए। Ornamental पौधे की खरीद करने हेतु बाजार से केन्द्र पर कुटेशन आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Sr. No. | Name of Plants | Quantity | Total amount (Including all taxes) | Sr. No. | Name of Plants | Quantity | Total amount (Including all taxes) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Single Chandni | 20 | | 18. | Coleus | 50 | |
| 2. | Double Chandni | 20 | | 19. | Verbena | 50 | |
| 3. | Variegated Chandni | 20 | | 20. | Harsingar | 50 | |
| 4. | Chandni Droop | 20 | | 21. | Syngonium | 100 | |
| 5. | Raat ki Rani | 50 | | 22. | Money Plant | 100 | |
| 6. | Hamelia Patens | 50 | | 23. | Hibiscus | 100 | |
| 7. | Jatropha | 50 | | 24. | China palm | 20 | |
| 8. | Saint Murraya | 50 | | 25. | Snake Plant | 100 | |
| 9. | Christmas Tree | 50 | | 26. | Madhu Malti | 20 | |
| 10. | Song of India | 50 | | 27. | Rangoon Creeper | 20 | |
| 11. | Lucky Bamboo | 50 | | 28. | Adenium | 50 | |
| 12. | Thuja | 40 | | 29. | Sudarshan Lily | 20 | |
| 13. | Ticoma Stans | 50 | | 30. | Rose | 50 | |
| 14. | Spider | 100 | | 31. | Jade | 100 | |
| 15. | Lavender | 100 | | 32. | Eranthemum | 50 | |
| 16. | Croton | 100 | | 33. | Rubber Plant | 20 | |
| 17. | Madhu Kamini | 50 | | 34. | Red Machira | 50 | |

1. इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन अपनी फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 12.06.2026 तक दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर के माध्यम से जमा करवा सकती है।
2. कुटेशनों का आकलन कमेटी द्वारा किया जाएगा। अतः सबसे कम कुल कीमत वाली कुटेशन को स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशनों को स्वीकृत अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केंद्र की आकलन कमेटी के पास होंगे।
3. इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त (Mob no.8683801977) से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1119/2027/46041/88/6 दि. 09.06.2026

# हाईकोर्ट ने हिसार एसपी को किया तलब, डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

■ वकील के घर में बिना कानूनी प्रक्रिया घुसने के आरोप, 10 जून तक जवाब दाखिल करने के आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों पर लगे गंभीर आरोपों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को 10 जून को सुबह 10 बजे व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। साथ ही हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है। जस्टिस संदीप मौदगिल और जस्टिस नीरजा के कल्सन की खंडपीठ एक वकील की अर्जी पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता अमित ढुहन ने आरोप लगाया कि 30 अक्टूबर 2025 को कुछ पुलिस अधिकारी बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए नयागांव स्थित उनके घर में घुस गए थे। उनका कहना है कि बाद में जारी जांच नोटिस उसी मामले में हाई कोर्ट के हस्तक्षेप का प्रतिशोध है। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि सीआईए स्टाफ हिसार ने उन्हें 14 जून 2026 को जांच में शामिल होने का नोटिस दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने हिसार एसपी को तलब कर लिया। साथ ही डीजीपी को निर्देश दिया कि वे 10 जून तक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल कर बताएं कि प्रथम दृष्टया दिखाई दे रही पुलिस ज्यादतियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ क्या कदम उठाए गए हैं।

# 108 रुपये के नुकसान का मुकदमा 36 साल चला, कंडक्टर की अपील खारिज

**चंडीगढ़।** हरियाणा रोडवेज को 108 रुपये के राजस्व नुकसान से शुरू हुआ विवाद 36 वर्ष बाद पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में समाप्त हुआ। अदालत ने रोडवेज के पूर्व कंडक्टर राम कुमार की अपील खारिज करते हुए विभागीय कार्रवाई को सही ठहराया है। मामला वर्ष 1989 का है, जब विभागीय जांच में आरोप लगा था कि कंडक्टर ने कुछ यात्रियों को बिना वैध टिकट यात्रा कराई, जिससे सरकार को 108 रुपये का नुकसान हुआ। बाद की जांच में बस में बिना टिकट यात्री मिलने की बात भी सामने आई। इसके बाद विभाग ने उनकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव के साथ रोक दी थी। कंडक्टर ने इस कार्रवाई को अदालत में चुनौती दी। वर्ष 1996 में ट्रायल कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया, लेकिन 1999 में जिला न्यायाधीश ने उस आदेश को पलटते हुए विभागीय कार्रवाई को वैध ठहरा दिया। इसके खिलाफ दायर दूसरी अपील पर अब हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

## OFFICE OF GENERAL MANAGER
## HARYANA ROADWAYS, FATEHABAD
New Bus Stand Sec.5, Fatehabad - 125050, Haryana
Phone No. 01667-220317, Email id:- dmshrftd@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फतेहाबाद आगार के अधीन बस अड्डों, नया बस स्टैण्ड फतेहाबाद, नया बस स्टैण्ड टोहाना, बस स्टैण्ड भट्टु कलां, बस स्टैण्ड रतिया पर स्थित खाली दुकानों व बूथों इत्यादि को किराए पर देने हेतू खुली बोली दिनांक 24.06.2026 को महाप्रबंधक, हरियाणा राज्य परिवहन, फतेहाबाद के प्रागंण में प्रातः 11:00 बजे होगी। उपरोक्त सभी के लिए किराया समय अवधि दिनांक 01.07.2026 से 31.03.2028 तक होगी। बोली की सभी शर्तों, हिदायतों व दुकानों के विवरण बारे जानकारी की कॉपी किसी भी कार्य दिवस को 500/- रूपये की अदायगी करके महाप्रबंधक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। बोली बिना किसी कारण बताये स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार डिपो स्तर की कमेटी के पास सुरक्षित होगा। सार्वजनिक नीलामी से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक मो० नं0 98127-25817 पर सम्पर्क कर सकते है।

खुली बोली में भाग लेने वाले बोलीदाता को बोली में भाग लेने के लिए अपना परिवार पहचान पत्र साथ में लाना होगा तथा एक परिवार पहचान पत्र पर एक ही दुकान या बूथ इत्यादी आबंटित किया जाएगा।

महाप्रबन्धक,
हरियाणा राज्य परिवहन, फतेहाबाद।

पीआरडीएच-1119/11/888/2027/46028/88/6 दि. 09.062026

## ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक्ट") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) और **शाखा कार्यालय :- "द्वितीय तल, नंदा फर्नीचर के ऊपर, गीता मंदिर रोड, पानीपत-132103** के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है आधार, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियन की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| श्री लक्ष्मण श्रीमती पूनम देवी शीतल माता ट्रांसपोर्ट शीतला माता वुलन कं. (प्रोस्पेक्ट नं. IL11103928) | 10/02/2026 रू. 2288481.48 (रुपये बाईस लाख अठासी हजार चार सौ इक्यासी और अड़तालीस पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- सेक्टर-6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पानीपत, तहसील व जिला पानीपत-132103 में स्थित मकान नं. 491सी, भू-तल। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पति टाइप : Built_Up_Area, Super_Built_up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 234.00, 234.00 | 08/05/2026 | रू. 2395000/- (रुपये तेईस लाख पचानवे हजार केवल) |
| | बोली बढ़ौतरी राशि रु. 25000/- (रुपये पच्चीस हजार केवल) | | कुल बकाया दिनांक 05.06.2026 के अनुसार 2394578.76/- (रुपये तेईस लाख चोरानवे हजार पांच सौ अठहत्तर और छिहत्तर पैसे केवल) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 239500/- (रुपये दो लाख उनतालीस हजार पांच सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 10.07.2026 1100 बजे - 1400 बजे | 13.07.2026 अप. 5.00 बजे तक | 15.07.2026 1100 बजे - 1300 बजे |

**भुगतान का मोड :-** ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने है। भुगतान करने के लिये आपको https://www.iiflonehome.com पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी :** प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
**शेष भुगतान हेतु - लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**

**नियम एवं शर्तें :-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ौतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।**
7. **विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @ 1800 2672 499**
8. सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे हुए घरेलु सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदारों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत 30 दिन की वैधानिक बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तिथि से पूर्व अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

स्थान : पानीपत दिनांक : 10.06.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई सोनीपत | सोनीपत जिले में यमुना नदी ए/एफ 2025 पर 4 अदद स्टोन स्टड्स और 800 फीट रिवेटमेंट का निर्माण करके गांव पालड़ा (बाडोली कॉम्प्लैक्स) में बाढ़ संरक्षण कार्य का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 2,70,65,970/- | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 2 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | भुखाडी - गांव भुखाडी, ब्लॉक बाबैन, जिला कुरुक्षेत्र में जगदेव नम्बरदार के मकान से हरनेक सिंह के मकान तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 05.06.2026 12.06.2026 | 14,67,328/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज नारनौल | धानोंदा ब्लॉक कनीना, जिला महेन्द्रगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) का निर्माण। | 06.06.2026 16.06.2026 | 3,77,99,454/- | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 4 | सिंचाई चरखी दादरी | वर्ष 2026-27 हेतु बाढ़ का पानी निकालने के लिए 15/20 एचपी इलैक्ट्रिक स्टार डेल्टा स्टार्टर्स की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 10.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 5 | सिंचाई चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल सं. 3, चरखी दादरी में गांव अचीना में आरडी 53700-एल लोहारू फीडर पर 03 सीएस. क्षमता के 2 अदद 30 एचपी इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट की आपूर्ति, परीक्षण, स्थापना और प्रचालन और 4 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 49.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव डहीना, ब्लॉक डहीना, जिला रेवाड़ी में डहीना से गोठड़ा टप्पा डहीना तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (एचजीवीवाई) + 1 कार्य। | 05.06.2026 18.06.2026 | 3,45,37,393/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नैना ततारपुर में धानक चौपाल का निर्माण, एमपीएलएडी। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 4,18,734/- | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ककरोई में लोनिवि रोड से रामजीवन पुत्र श्री किरदार सिंह के खेत तक (निकट एसटीपी प्लांट) बीओई पथ का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 7,23,556/- | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 9 | लोनिवि भ व प शाखा हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (टोहाना में 100 बिस्तर वाले नागरिक हस्पताल के लिए एमजीपी और सम्बद्ध कार्यों का प्रावधान)। | 05.06.2026 11.06.2026 | 5,30,63,359/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई भिवानी | 01.07.2026 से 30.06.2027 की अवधि के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर ईपी डीपी वीटी पम्प्स को चलाने के लिए हैल्पर चौकीदार ऑपरेटर। | बंद होने की तिथि 22.06.2026 | ईएमडी 5,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 11 | सिंचाई सोनीपत | खरीफ सीजन 2026-27 से पूर्व आरडी 0 से 22840 तक 1-आर राजपुरा माइनर और आरडी 0 से 44549 तक राजपुरा डिस्टी. की आंतरिक सफाई + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 29,62,443/- | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 12 | लोनिवि भ व प शाखा गुरूग्राम | राजकीय महाविद्यालय रिथोज जिला गुरूग्राम में विशेष मरम्मत बकाया कार्य। (सी.एम. घोषणा सं. 9687 दिनांक 29.11.2014) | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 49,48,155/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प शाखा गुरूग्राम | गुरूग्राम में स्वर्ण जयंती राज्य लोनिवि विश्राम गृह हेतु विशेष मरम्मत (फ्लोरिंग)। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 37,58,176/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि भ व प शाखा गुरूग्राम | गुरूग्राम में उपायुक्त आवास में रोड की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 9,88,544/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 15 | आपूर्ति एवं निपटान विभाग हरियाणा | 1. छोटे आकार के आइस लाइंड रेफ्रीजरेटर्स (75-200 ली. क्षमता वाले) की अधिप्राप्ति। 2. बड़े आकार के आइस लाइंड रेफ्रीजरेटर्स (201-300 ली. क्षमता वाले) की अधिप्राप्ति। | 10.06.2026 10.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2027/300/46051/I/88/6 दि. 09.06.26

**सुविचार**

लक्ष्य के आधे रास्ते पर जाकर कभी वापस न लौटें। क्योंकि वापस जाने पर भी आधा रास्ता पार करना पड़ता है।
- अज्ञात



# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## जोजिला टनल के दोनों छोर आपस में जुड़े




# डेढ़ घंटे की जगह 15 मिनट में पहुंचेंगे कश्मीर से लद्दाख

लद्दाख। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच बन रही जोजिला टनल की खुदाई मंगलवार को पूरी हो गई। टनल के बीच 2.5 मीटर के ब्लॉक को ब्लास्ट करके हटा दिया गया। इसके साथ ही टनल के दोनों छोर आपस में जुड़ गए। 13.15 किमी लंबाई वाली यह दुनिया की सबसे लंबी सड़क टनल है। जिसमें एक ही सुरंग से दोनों डायरेक्शन में गाड़ियां चल सकेंगी। यह टनल जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की ऑल वैदर कनेक्टिविटी बनाए रखेगी। सुरंग को फरवरी 2028 तक चालू कर दिया जाएगा। यह सुरंग मध्य कश्मीर के बालटाल (गांदरबल) को लद्दाख के द्रास जिले के मिनीमार्ग से जोड़ेगी। इसके साथ लगभग 18 किमी की एप्रोच रोड भी बनाई जा रही है। पहले इस हिस्से को पार करने में 1 से 1.5 घंटे लगते थे, वहीं टनल शुरू होने के बाद यह सफर करीब 15 मिनट में पूरा हो सकेगा।

- दुनिया की सबसे लंबी सिंगल ट्यूब टनल

### टनल का लगभग 80% काम पूरा

करीब 11,578 फीट की ऊंचाई पर बन रही इस टनल की लागत लगभग 6,500 करोड़ है। अधिकारियों के अनुसार, टनल का लगभग 80% काम हो गया है। यह टनल 9.5 मीटर चौड़ी और 7.57 मीटर ऊंची है। यह 31 किलोमीटर लंबी परियोजना का मुख्य हिस्सा है, जिसमें सोनमर्ग से मिनीमार्ग तक एप्रोच रोड और पुल भी शामिल हैं। इस परियोजना का निर्माण मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड कर रही है।

# कांग्रेस राज्यसभा उम्मीदवार नटराजन का नामांकन खारिज

भाजपा की आपत्ति के बाद फैसला | तेलंगाना में दर्ज केस छुपाने का आरोप | पर्यवेक्षक ने कारण बताओ नोटिस जारी कर मांगा था मीनाक्षी से जवाब | कांग्रेस बोलीं-फैसले के खिलाफ कोर्ट में जाएंगे

भाषा ▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर हो रहे चुनाव में मंगलवार को उस समय नाटकीय मोड़ आ गया, जब शपथपत्र में जानकारी छुपाने के आरोप में कांग्रेस की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया गया। मध्यप्रदेश विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार महेश केवट ने निर्वाचन अधिकारी (रिटर्निंग अधिकारी) के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि नटराजन ने जानबूझकर अपने खिलाफ तेलंगाना में दर्ज एक मुकदमे का शपथ पत्र में कोई उल्लेख नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर दोनों पक्षों की दलीले सुनने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया। मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीट के लिए 18 जून को मतदान होना है।


मीनाक्षी नटराजन


नामांकन रद्द होते ही खुशी से झूम उठे भाजपा नेता।

### नटराजन के खिलाफ आपराधिक मामला लंबित

भाजपा प्रत्याशी महेश केवट के अधिवक्ता संकेत गुप्ता ने विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि तेलंगाना की एक अदालत में नटराजन के खिलाफ एक आपराधिक मामला लंबित है और शपथपत्र में इसका उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के मुताबिक शपथपत्र में सभी आपराधिक मामलों का उल्लेख किया जाना जरूरी है लेकिन नटराजन ने जानबूझकर इसे छुपाया। गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी ने इसी आधार पर नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया है।

### आयोग के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेसी नेता



कांग्रेस नेताओं ने रिटर्निंग ऑफिसर के फैसले का विरोध जताते हुए चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर ही धरना देना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि बुधवार को निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर हमारे सभी विधायक भूख हड़ताल करेंगे। सभी जिला कांग्रेस कमेटियां भी उपवास करेंगी। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार समेत कई कांग्रेस नेता निर्वाचन आयोग के दफ्तर के सामने सड़क पर ही लेटे रहे और वहीं पर सो गए।

### जयराम रमेश को आयोग से मिलने से रोका

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने इस पूरे घटनाक्रम को "लोकतंत्र की हत्या" बताया। निर्वाचन सदन के गेट पर ही कांग्रेस नेता और सुरक्षा जवानों के बीच काफी देर तक बहस होती रही, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केसी वेणुगोपाल के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शाम साढ़े सात बजे चुनाव आयोग से मिलने के लिए समय मांगा था। इसी बैठक के सिलसिले में जयराम रमेश वहां पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सीयूईटी यूजी-2026 की आंसर-की जारी



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी यूजी-2026 की प्रोविजनल आंसर-की, क्वेश्चन पेपर और रिकॉर्ड किए गए रिस्पॉन्स आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल हुए छात्र पोर्टल पर जाकर इन्हें चेक कर सकते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को किसी उत्तर पर संदेह है, तो वह 11 जून 2026 की रात 10:00 बजे तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकता है।

### सोने की कीमत बढ़ी, 1.60 लाख रु. के पार पहुंचा भाव



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। कमजोर अमेरिकी डॉलर और निवेशकों की बढ़ती खरीदारी के चलते सोने के दाम में लगभग 1,500 रुपये प्रति 10 ग्राम का उछाल आया। सर्राफा कारोबारियों के अनुसार 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना अब 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। यह सोमवार के बंद भाव 1,58,800 रुपये की तुलना में अधिक है। *एजेंसी*

### महिला इंस्पेक्टर ने फहराया किलिमंजारो पर तिरंगा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस की इंस्पेक्टर दीपिका गौतम ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो फतह कर नया इतिहास रच दिया है। वह इस विश्व प्रसिद्ध पर्वत पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने वाली एमपी पुलिस की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। भोपाल स्थित एससीआरबी पीएचक्यू में पदस्थ दीपिका ने 29 मई को करीब 5,895 मीटर ऊंचे इस ज्वालामुखी पर्वत पर तिरंगा फहराया। *हरिभूमि न्यूज*

### पुंछ में पाकिस्तानी ड्रोन पर सेना ने गोलियां चलाईं



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय क्षेत्र में घुस आये एक पाकिस्तानी ड्रोन पर सेना के जवानों ने गोलीबारी की, लेकिन वह कुछ भारतीय अग्रिम चौकियों के ऊपर थोड़ी देर मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) लौट गया। अधिकारियों ने कहा कि सोमवार देर रात मेंढर सेक्टर के बालाकोट क्षेत्र में कुछ भारतीय अग्रिम चौकियों के ऊपर इस ड्रोन को देखा गया। *एजेंसी*

*हरियाणा-पंजाब में 18 जगह दबिश*

# पाक आतंकी शहजाद भट्टी केस में एनआईए के छापे

**अंबाला और सिरसा ब्लास्ट के तार पाकिस्तान से जुड़े**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को पंजाब और हरियाणा में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी पाकिस्तान स्थित आतंकी शहजाद भट्टी से जुड़े तीन आतंकी-गैंगस्टर नेटवर्क केसों के सिलसिले में की गई है। एनआईए की टीमों ने दोनों राज्यों के 9 जिलों में स्थित 18 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई पानीपत, अंबाला और सिरसा जिले में भी की गई। केस से जुड़ी कई तरह की प्रासंगिक जानकारी जुटाने के लिए लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान एनआईए ने कई डिजिटल उपकरण व दस्तावेज बरामद किए। तीनों ही मामलों में विभिन्न संचार नेटवर्क और वित्तीय लेनदेन के पुख्ता सबूत भी जांच एजेंसी के हाथ लगे हैं। एनआईए के अनुसार, जांच तीन प्रमुख मामलों से जुड़ी है, जिनके तार पाक में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी से जुड़े पाए गए हैं।




### 2025 : जालंधर में ग्रेनेड हमला

मार्च 2025 में पंजाब के जालंधर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजर संधू के घर पर हुए ग्रेनेड हमले की जांच में एनआईए को शहजाद भट्टी की भूमिका के संकेत मिले थे। अप्रैल 2026 में एजेंसी ने भट्टी को इस मामले में फरार आरोपी के रूप में चार्जशीट किया था।

### सिरसा महिला थाना विस्फोट मामला

हरियाणा के सिरसा स्थित महिला पुलिस थाने में नवंबर 2025 में हुए विस्फोट की जांच में भी भट्टी की संलिप्तता सामने आई। इस मामले में एनआईए मई 2026 में नौ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें पाकिस्तान स्थित हैंडलर सोहेल अहमद उर्फ सोहेल बलोच का नाम भी शामिल है।

# प्रदेश के कई जिलों में बरसात, 3 में गिरे ओले, आज भी होगी बारिश

## भिवानी, रेवाड़ी, हांसी, महेंद्रगढ़ में झमाझम, गर्मी से मिली राहत | सिरसा के डबवाली, फतेहाबाद के टोहाना और चरखी दादरी में हल्की ओलावृष्टि

- *दोपहर बाद अचानक आया मौसम में बदलाव*
- *तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश, कई जगह गिरे पेड़*
- *50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं*
- *बिजली के खंभे ट्रांसफार्मर गिरने से सप्लाई हुई ठप*

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में मंगलवार को दोपहर में अचानक मौसम बदल गया। एक ओर जहां भिवानी, रेवाड़ी, हांसी और महेंद्रगढ़ में जहां झमाझम बारिश हुई, वहीं, सिरसा के डबवाली, फतेहाबाद के टोहाना और चरखीदादरी में ओले गिरे। इस दौरान तेज हवा भी चली। हालांकि मौसम विभाग ने 14 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया था। मगर, बारिश ने लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत दे दी। उधर, बारिश की वजह से महेंद्रगढ़ के रेलवे रोड और ब्रह्मदेव चौक पर भरा पानी गया। कुछ बाइकें बंद हो गई, जिन्हें धक्का देकर बाहर निकाला गया। सोनीपत, फतेहाबाद के भूनी में बस स्टैंड के पास धूल का गुबार दिखाई दिया तो लोग बचकर भागते दिखे। महेंद्रगढ़ से सेहलंग जाने वाले रोड पर गांव माजरा कलां से थोड़ी आगे तीन पेड़ टूट गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया।



### हिसार में पेड़ के नीचे दबने से युवक की मौत

हिसार जिले के रावलवास खुर्द में तेज आंधी के कारण एक बरगद का पेड़ गिरने से 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। रोहित बामल अपने चचेरे भाई के साथ खेत से घर लौट रहे थे। तेज आंधी से बचाव के लिए दोनों भाई मात्रश्याम रोड पर स्थित एक बरगद के पेड़ के नीचे रुक गए थे। तेज आंधी के चलते बरगद का पेड़ अचानक टूटकर रोहित पर गिर गया, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार दस और 11 जून के लिए कैथल, करनाल, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद और जींद में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि और 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही चंडीगढ़, पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर सहित कई अन्य जिलों में 40-50 किमी/घंटा की तेज हवाएं चलने का अनुमान है। वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि लू के प्रभाव को देखते हुए लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें।

### नूंह में टीन से कटकर 12वीं के छात्र की मौत



**नूंह।** फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के गांव भोंड में मंगलवार शाम आए तेज तूफान के कारण उड़ी लोहे की टीन लगने से 12वीं कक्षा के 18 वर्षीय छात्र आकिल पुत्र जमशेद की मौत हो गई। वह शाम को अपने घर के बरामदे में बैठा हुआ था तभी यह हादसा हो गया।

### मानसून ने 13 राज्य कवर किए, आज मुंबई पहुंचेगा

**नई दिल्ली।** मानसून 5 दिन में 13 राज्यों तक पहुंच गया है। यह तेलंगाना में एंट्री कर चुका है। फिलहाल यह मुंबई से करीब 150 किमी दूर है और अगले 48 घंटे में शहर में दस्तक दे सकता है। वहीं, अगले सप्ताह तक यह गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और ओडिशा तक पहुंच सकता है। मानसूनी हवाओं के असर से कई मैदानी राज्यों में गर्मी कम हुई है। साथ ही प्री-मानसून के कारण कई जगह 50-60 किमी रफ्तार से आंधी और तेज बारिश हो रही है।

*नर्सिंग स्टाफ विवाद : बोलीं अधिकारों के लिए लड़ती रहूंगी*

# महिला आयोग अध्यक्ष रेणु भाटिया का इस्तीफा



**पंचकूला।** 'आपकी बेटी को किसी के साथ कमरे में छोड़ दूं' वाले बयान पर मंगलवार दिन भर हंगामा चलने के बाद हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने देर रात अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि रेणु भाटिया के बयान पर दिन भर सरकारी अस्पतालों में हंगामा चलता रहा। शाम को भी हरियाणा नर्सिंग एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यह स्ट्राइक बुधवार को भी जारी रहेगी। इससे पहले रात में रेणु भाटिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

# ईरान ने गिराया अमेरिकी हेलीकॉप्टर

*होर्मुज के पास क्रैश : राष्ट्रपति ट्रंप बोले-हम कड़ा जवाब देंगे*

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी सैन्य हेलिकॉप्टर को ईरान ने गिराया था। इस घटना का जवाब जरूर दिया जाएगा। यह अपाचे हेलिकॉप्टर था, जिसके दोनों पायलटों को सुरक्षित बचा लिया गया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस हमले पर चुप नहीं बैठेगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का कहना है कि ईरान जंग नहीं चाहता और बातचीत के जरिए समाधान चाहता है। वेंस ने कहा कि अमेरिका की प्राथमिकता ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है, लेकिन उनका मानना है कि ईरान अब युद्ध जारी रखने के बजाय समझौते की राह पर आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों देशों के बीच जल्द एक नई डील हो सकती है।


अपाचे के दोनों पायलट सुरक्षित, बढ़ा तनाव

### इजराइल की चेतावनी-ईरान पर फिर हमला करेंगे

- इजराइली सेना प्रमुख एयाल जामिर ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल ईरान पर फिर हमला करेगा।
- उन्होंने कहा कि हाल में ईरान पर किया गया हमला इससे भी बड़े अभियान की तैयारी का हिस्सा था। उनके मुताबिक इजराइल जरूरत पड़ने पर ईरान को और बड़ा झटका देने के लिए तैयार है।
- जामिर ने कहा कि हालिया संघर्ष के दौरान इजराइल की रक्षा और हमला करने वाली सभी सैन्य प्रणालियां पूरी तरह तैयार थीं। उन्होंने दावा किया कि इजराइल ने ईरान की तरफ से आए हमलों को रोका और तुरंत जवाबी कार्रवाई की।

**सरकार ने दी ग्रामीणों को बड़ी राहत**

# शामलात भूमि का मालिकाना हक मिलेगा, 16 जनवरी तक करें आवेदन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ग्रामीणों को बड़ी राहत देते हुए ऐलान किया है कि जो परिवार गांव की शामलात भूमि पर पिछले 20 वर्षों से मकान बनाकर रह रहे है, ऐसे परिवार मालिकाना हक के लिए नियमानुसार अब 16 जनवरी 2027 तक अपने आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों से वर्ष 2004 की कलेक्टर दर की डेढ़ गुणा के अनुसार भूमि खरीद की राशि जमा कराई जाएगी। दस्तावेजी कठिनाइयों के कारण कई पात्र लोग आवेदन नहीं कर सके थे, ऐसे में सरकार ने उन्हें राहत दी है। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि ग्रामीण क्षेत्र में कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक और कचरा संग्रहण कर्मी उपलब्ध करवाए जाएंगे। यह ट्रैक्टर ईवी होंगे। इसके अलावा वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं पर भी सरकार काम कर रही है।


20 वर्षों से मकान बनाकर रह रहे परिवारों को फायदा

### योजनाओं की किस्त भी जारी की

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान हर महीने डीबीटी के जरिए दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की किस्त भी रिमोट का बटन दबाकर जारी की। इस दौरान उन्होंने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत माताओं-बहनों को 8वीं किस्त के रूप में 207 करोड़ 75 लाख रुपये जारी किए। इसी प्रकार, हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत 19 करोड़ 75 लाख रुपये डाले गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशनों के लाभार्थियों को 1 हजार 151 करोड़ 51 लाख रुपये सीधे उनके खातों में हस्तांतरित किए गए।

**झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश, क्षेत्राधिकार के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार नहीं कर सकती पुलिस**

# रेप पीड़िताओं के टू फिंगर टेस्ट पर रोक, जीरो एफआईआर भी जरूरी

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि बलात्कार के मामलों में पीड़िताओं के होने वाले टू फिंगर टेस्ट पर अविलंब रोक लगाई जाए और जीरो एफआईआर दर्ज करने की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाए। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम.एस. सोनाक और जस्टिस राजेश शंकर की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बेंच रेप सर्वाइवर्स की सुरक्षा और पुनर्वास से जुड़ी एक जनहित याचिका पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रही थी। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि किसी भी संज्ञेय अपराध, विशेषकर यौन हिंसा के मामलों में पुलिस क्षेत्राधिकार के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने से इंकार नहीं कर सकती। अब थाना प्रभारी बिना किसी देरी के जीरो प्राथमिकी दर्ज करेंगे और फिर उसे संबंधित थाने को अग्रेषित करेंगे। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ आपराधिक एवं विभागीय कार्रवाई होगी। अदालत ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण और बयान दर्ज करने में किसी भी तरह की देरी से बचने के लिए भी निर्देश दिया है।

### टू फिंगर टेस्ट गरिमा का उल्लंघन

अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के निर्णय का हवाला देते हुए टू फिंगर टेस्ट को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह परीक्षण पीड़िता की गरिमा और निजता का उल्लंघन है। राज्य के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों को इस परीक्षण से बचने का सर्कुलर जारी करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर चिकित्सकीय कदाचार का मामला बनेगा।

### पीड़िताओं को दें त्वरित मुआवजा

अदालत ने कहा कि पीड़िता को अंतरिम मुआवजा प्राथमिकी दर्ज होने के 15 दिनों के भीतर देने का प्रयास किया जाए। अंतिम मुआवजा अदालत के निर्णय के 30 दिनों के भीतर पीड़िता को दिया जाएगा। मुआवजे की राशि पीड़िता की हानि और चोट के अनुरूप होगी।

### वन-स्टाप सेंटरों में हो सुधार

अदालत ने राज्य के 24 जिलों में चल रहे वन-स्टाप सेंटरों की स्थिति पर चिंता जताई है। अदालत ने महिला समिति गठित करने का आदेश दिया, जो इन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करेगी। इन सेंटर में सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, रसोई, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन उपकरण और स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। रांची के नारी निकेतन (शक्ति सदन) को बिना समय सीमा के शेल्टर होम के रूप में उपयोग करने का निर्देश दिया गया।

### हेल्पलाइन 181 को प्राथमिकता

अदालत ने कहा कि महिला हेल्पलाइन 181 को यौन हिंसा के लिए प्राथमिक हेल्पलाइन नंबर बनाया जाए, जो आपातकालीन नंबर 112 से जुड़ा होगा।

### कोर्ट की सख्त गाइडलाइंस

- **तत्काल एफआईआर :** शिकायत मिलते ही बिना किसी देरी या सीमा विवाद के मामला दर्ज करना अनिवार्य होगा।
- **सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार:** थानों में पीड़िताओं के साथ पुलिस द्वारा संवेदनशील और गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए।
- **समय पर मुआवजा:** 15 दिनों की समय-सीमा के भीतर मुआवजा प्रक्रिया को पूरा करना होगा।

# बांके बिहारी मंदिर के पास मकान का छज्जा गिरा, 9 लोग घायल, 4 गंभीर

**मथुरा।** वृंदावन में मंगलवार शाम बांके बिहारी मंदिर के पास गली नंबर-5 में एक मकान का जर्जर छज्जा अचानक गिर गया। हादसे के समय वहां श्रद्धालुओं की भीड़ थी। छज्जा गिरने से 9 लोग घायल हो गए, जिनमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सुधीर गोस्वामी के मकान में हुआ। पड़ोसी शिवकुमार का कहना है कि छज्जे पर पहले से दरार थी। बंदर के कूदने से यह गिर गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना के समय तेज आंधी चल रही थी। इसी दौरान छज्जा टूटकर नीचे गिर गया। छज्जे का मलबा गली में फैल गया, जिसकी चपेट में आकर श्रद्धालु घायल हो गए।




# बेटी वाले बयान पर चेयरपर्सन रेनू भाटिया के इस्तीफे पर अड़ीं नर्सें, दो घंटे हड़ताल पर रहीं

## स्वास्थ्य मंत्री बोलीं- कुरुक्षेत्र सीएमओ बर्खास्त किया, सीएमओ बोले- जानकारी नहीं

**मरीजों को हुई परेशानी**

- नर्सों की मांग, रेप के आरोपी डॉक्टर की पुनर्नियुक्ति की निष्पक्ष जांच हो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एलएनजेपी नागरिक अस्पताल में नाबालिग से दुष्कर्म मामले की जांच के दौरान नर्सिंग स्टाफ पर की गई टिप्पणी को लेकर मंगलवार को नर्सिंग कर्मचारियों में भारी रोष देखने को मिला। राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया के विरोध में नर्सिंग स्टाफ ने दो घंटे तक कार्य बहिष्कार कर अस्पताल परिसर में नारेबाजी की। नर्सिंग स्टाफ की हड़ताल के कारण सुबह अस्पताल पहुंचे मरीजों तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मोनिका ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ हमेशा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करता है। किसी भी कर्मचारी वर्ग पर बिना तथ्यों के टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुख मांग है कि दुष्कर्म मामले के आरोपी डॉक्टर शैलेंद्र शैली की सेवानिवृत्ति के बाद हुई नियुक्ति की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि वे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के पक्षधर हैं, लेकिन पूरे नर्सिंग समुदाय को कटघरे में खड़ा करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

उधर, नारनौल में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि वे स्टाफ नर्स यूनियन से इस मामले को लेकर बात करेंगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुरुक्षेत्र के सीएमओ को बर्खास्त किया जा चुका है। इस संबंध में सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया के इस्तीफे को लेकर धरने पर बैठी एलएनजेपी नागरिक अस्पताल की नर्सें। फोटो : हरिभूमि

### अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग

फेडरेशन ने हरियाणा सरकार को भेजे पत्र में महिला आयोग की अध्यक्ष को हटाने, एफआईआर दर्ज करने, सार्वजनिक माफी और स्वास्थ्यकर्मियों के सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी मांगें उठाई हैं। फेडरेशन ने साफ कर दिया है कि आने वाले वक्त में भी उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### कथित यौन अपराध की निंदा

कुरुक्षेत्र मेडिकल एसोसिएशन ने कथित यौन अपराध की निंदा कीकुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र मेडिकल एसोसिएशन की बैठक प्रधान डॉ. सुमन सेठी और महासचिव डॉ. प्रेरणा अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एलएनजेपी अस्पताल में सामने आई कथित यौन अपराध की घटना की कड़ी निंदा की गई। एसोसिएशन ने कहा कि घटना चिकित्सा जगत की गरिमा और मरीजों के विश्वास को ठेस पहुंचाने वाली है।

### माफी और इस्तीफे से इनकार

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने नर्सिंग स्टाफ की हड़ताल के बीच माफी मांगने और इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने बयान पर कायम हैं और उनका उद्देश्य पीड़ित नाबालिग को न्याय दिलाना है। भाटिया ने आरोप लगाया कि घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई।

# जुआरियों ने सीआईए टीम पर चढ़ाई गाड़ी, पुलिसकर्मी घायल



भिवानी। सामान्य अस्पताल में उपचाराधीन घायल पुलिस कर्मचारी।

- आरोपी मौके से फरार गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव देवसर-कुसुम्भी के खेतों में जुआ खेलने की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची सीआईए प्रथम की टीम पर आरोपियों ने हमला कर दिया। इस दौरान एक आरोपी ने पुलिस कर्मचारी पर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी की पहचान सुनील के रूप में हुई है, जिसका सामान्य अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खेतों में 5 से 6 लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर देर रात सीआईए टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे। टीम ने उन्हें घेरने का प्रयास किया तो एक आरोपी ने वाहन से पुलिस कर्मचारी को टक्कर मार दी। हादसे में सुनील के सिर और हाथ पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही डीएसपी अनूप कुमार अस्पताल पहुंचे और घायल कर्मचारी का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**NOTICE**

I, Jitesh Lohchab S/o Sh. Rajinder Singh Lohchab R/o M/s Lohchab Motor Co. Pvt. Ltd., Opp. Sec.-1, Rohtak, hereby inform that I have lost my Sale Deed No. 5421 dated 01.07.2019 of property at Vill. Bahu Akbarpur, Rohtak on 20.03.2026 12:00 at Rohtak. If any person finds it please inform me at above address within 15 days. FIR no. 132370802600606 is registered at Police station Urban estate Rohtak in this regard.

**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: एफ-ईएनवी. सेल-ओएफएफ-03-ग्रीन-को, दिनांक 06.06.26; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, जिला मुंगेर, बिहार, पिन 811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से भारतीय रेल की पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से खुली ई-निविदाएं (दो पैकेट प्रणाली) आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नाम: पूर्व रेलवे के रेल इंजन कारखाना, जमालपुर को ग्रीन को रेटिंग का उन्नयन एवं पुनः प्रमाणीकरण। निविदा मूल्य: रु. 7,87,847.85। बोली सुरक्षा/बयाना राशि: रु. 15,800। निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। समापन अवधि: एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 6 महीने के भीतर सीआईआई-शोराबजी गोदरेज ग्रीन बिजनेस सेंटर से ग्रीन-को रेटिंग प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार हासिल करनी होगी। प्रस्ताव की वैधता: निविदा खुलने की तारीख से 60 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 27.06.2026 को 11.00 बजे। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां निविदा का परिपूर्ण इत्यादि देखे जा सकते हैं: www.er.indianrailways.gov.in के साथ हायपरलिंक्ड www.ireps.gov.in पर तथा डेपुटी सीएमई (उत्पादन) का कार्यालय, पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में किसी भी कार्य दिवस। टिप्पणी: अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज तथा जीसीसी अप्रैल 2022 के साथ अद्यतन संशोधन स्लिप के अनुसार लागू होंगी। (MISC-68 /2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

चंडीगढ़ में वाणिज्य मंत्रालय का उच्चस्तरीय हितधारक संवाद

# एफटीए से पंजाब-हरियाणा के निर्यातकों को मिलेगा वैश्विक बाजारों का बड़ा अवसर

**चंडीगढ़।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने चंडीगढ़ में पंजाब और हरियाणा के निर्यातकों, एफपीओ, किसानों तथा उद्योग संगठनों के साथ उच्चस्तरीय हितधारक संवाद आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के जरिए उपलब्ध नए निर्यात अवसरों की जानकारी देना था। वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव नितिन कुमार यादव ने बताया कि भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 के 468 अरब डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 863 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। नए एफटीए के तहत वस्त्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि और औषधि क्षेत्रों को कई देशों में शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलेगी। एपीडा के चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। एपीडा के



अध्यक्ष अभिषेक देव ने कहा कि यह कार्यालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के कृषि निर्यात को नई गति देगा। यादव ने बताया कि हरियाणा के बासमती चावल, शहद, डेयरी उत्पाद और पंजाब के कृषि व खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार में बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम में निर्यात संवर्धन मिशन और निर्यात अवसंरचना विकास योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

# पीएम सूर्य घर योजना में कुरुक्षेत्र अव्वल उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले अधिकारी सम्मानित

- मई माह में कुरुक्षेत्र सर्कल ने 1,062 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए

**पंचकूला/ चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मई माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कार्यालयों को सम्मानित किया। यूएचबीवीएन मुख्यालय पंचकूला में आयोजित समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अधीक्षण अभियंता (एसई) श्रेणी में कुरुक्षेत्र सर्कल ने 1,062 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर निगम में पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) श्रेणी में कुरुक्षेत्र डिवीजन 603 स्थापनाओं के साथ अव्वल रहा, जबकि कैथल और जगाधरी डिवीजन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) श्रेणी में पिपली सब-डिवीजन 188 स्थापनाओं के साथ प्रथम रहा। समग्र वार्षिक प्रदर्शन के आधार पर एसई कुरुक्षेत्र सर्कल, एक्सईएन कुरुक्षेत्र डिवीजन तथा एसडीओ नंबर-1 रोहतक को भी विशेष सम्मान दिया गया। वेंडर श्रेणी में गुरु महिमा एंटरप्राइजेज प्रथम, हरियाणा सोलर एनर्जी व हिंदुस्तान सोलर संयुक्त रूप से द्वितीय तथा अरोमा टेक्नोवेशन तृतीय स्थान पर रहे। निगम प्रवक्ता ने कहा कि योजना के प्रति बढ़ती जागरूकता और सहयोग से राज्य में सौर ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है।

# फरीदाबादः टैंक में सफाई के दौरान दो कर्मियों की मौत

**ईदगाह के पास एसटीपी प्लांट में हुआ हादसा**

**फरीदाबाद।** जीवन नगर में ईदगाह के पास स्थित एसटीपी प्लांट में मंगलवार सुबह सफाई के दौरान टैंक में उतरे दो कर्मचारी बेहोश होकर अंदर ही गिर गए। आशंका है कि टैंक में जहरीली गैस बनने के कारण यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई तथा दोनों कर्मचारियों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। एसटीपी प्लांट के रखरखाव का ठेका एक प्राइवेट ठेकेदार के पास है। सुबह करीब 6 बजे कर्मचारी अनमोल टैंक की सफाई के लिए अंदर उतरे और हादसा हो गया।

**RAO SULTAN SINGH COLLEGE OF EDUCATION**
VPO-NIMBHERA, MAHENDERHARH (HR)
(Approved by NCTE & Affiliated to CRSU, Jind)

**REQUIRED FOLLOWING STAFF FOR B.Ed. COURSE**

Principal- 01, Lecturer in Perspectives in Education- 04, Lecturer in Science -01, Lecturer in Humanities & Social Science -01, Lecturer in Mathematics -01, Lecturer in Language -01, Lecturer in Fine Arts/ Performing Arts-01, Lecturer in Physical Education -01,

**Non-Teaching:** UDC/ Office Superintendent- 01, Librarian-01, Computer Operator- 01, Store Keeper-01, Computer Lab Assistant- 01, Librarian- 01,

**E.Q .- As per norms of NCTE/ CRSU, Jind /Haryana Govt.**

Eligible Candidates should be sent application with two set of Educational Certificate and one copy sent to Dean of Colleges CRSU, Jind within 15 days.

**Mob .: 9050361061, 9416419744**

**Email- syadavrssm@gmail.com**

CHAIRMAN

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मंत्री आरती राव ने डीडीपीओ को किया सस्पेंड

- नारनौल में समीक्षा बैठक में देरी से पहुंचने पर स्वास्थ्य मंत्री भड़की, बोलीं–लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मंगलवार को बीएंडआर रेस्ट हाउस में जिला विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान डीडीपीओ प्रमोद कुमार को सस्पेंड करने के आदेश दिए गए। मंत्री ने कहा कि संबंधित अधिकारी को पहले से बैठक की जानकारी थी, इसके बावजूद वे समय पर नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि विभाग से जुड़े करीब साढ़े सात करोड़ रुपये के विकास कार्यों की समीक्षा होनी थी, जिनकी प्रगति रिपोर्ट भी मांगी जानी थी। उन्होंने कहा कि सरकार के एक-एक पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें और काम की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।



## जींदः नशा तस्कर को छह साल की कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अर्चना यादव की अदालत ने नशा तस्करी के मामले में युवक को दोषी करार देते हुए छह साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। 10 दिसंबर 2018 को सीआईए नरवाना पुलिस ने झील गांव निवासी अमन को 400 ग्राम सुल्फा के साथ गिरफ्तार किया था तब से मामला कोर्ट में विचाराधीन था।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Aditya Saini Civil Judge (Junior Division), Rewari
UDAI SINGH
Vs. HUKAM CHAND
CNR No. HRRE02-000787-2025
Next Date:- 19-08-2026

PUBLICATION ISSUED TO:
HUKAM CHAND S/O MUKH RAM, DAYA RAM S/O HAR CHAND, LAXMI NARAYAN S/O RAM NARAYAN, SHAMSHER S/O YADRAM, DHARAM SINGH S/O SHRI RAM, BHOOP SINGH S.O BHATLE, NARENDER SINGH S/O PRABHU DAYAL, RAMESH CHAND S/O NATHU RAM, GORI SHANKAR S/O RAM AVTAR, SHRI RAM SINGH S/O RAM PARIDAN, NET RAM S/O PRABHU DAYAL, SATPAL S/O HAJARI LAL, AJIT SINGH S/O THAWAR SINGH, SHEOBHENDER KUMAR S/O CHARAN SINGH, BHARAM PRAKASH S/O CHARAN SINGH, VIKAS KUMAR S/O CHARAN SINGH, PRAVEEN D/O CHARAN SINGH, SAVTRI D/O CHARAN SINGH, USHA DEVI D/O CHARAN SINGH, JALWATI W/O CHARAN SINGH, BHARPUR S/O VIJAY KUMAR, DHARAMWATI WIDOW OF MAHABIR SINGH, MANOJ S/O HARI PRAKASH, NAVEEN S/O HARI PRAKASH, AMIT S/O HARI PRAKASH, MANJU LATA D/O HARI PRAKASH, AMI CHAND S/O PURANMAL, SUBE SINGH S/O PURANMAL, JAGDISH PRASAD S/O DHANSHI RAM, NIHAL SINGH S/O HARI PRAKASH, MAHABIR S/O NAND RAM

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 19-08-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Rewari

Sd/- Sh. Aditya Saini Civil Judge (Junior Division), Rewari
Dated, this day of 06-06-2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | एससीएडीए- 400केवी सब स्टेशन धानोंदा जिला महेन्द्रगढ़ में 132केवी कनीना और 132केवी डहीना लाइन के लिए 2 अदद 132केवी लाइन बेज का इंटीग्रेशन। | 04.06.2026 18.06.2026 | रु.16,23,932/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | भारतीय रेलवे आपूर्ति जिला महेन्द्रगढ़ के प्रयोजन हेतु 220 केवी सब स्टेशन डेरोली अहीरा से नये प्रस्तावित 220 केवी सब स्टेशन अमरपुर जोरासी तक 220 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन की रचना के लिए सर्वे। | 04.06.2026 22.06.2026 | रु.2,68,400/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/46049/I/88/6 दि. 09.06.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में डॉग शेल्टर का निर्माण। | 08.06.2026 18.06.2026 | रु.105.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक की सीमाओं में वार्ड नं. 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 8 में नालों/वाटर लॉग्ड एरिया की गाद निकालने हेतु आकलन (2026 की वर्षा ऋतु के लिए ओवरफ्लो और वाटर लॉगिंग के समय में) (पुनः आमंत्रण)। | 08.06.2026 15.06.2026 | रु.24.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में विभिन्न वार्डों 13, 14, 16, 17, 19 और 22 में नाला/ वाटर लॉग्ड एरिया की गाद निकालने हेतु आकलन (2026 की वर्षा ऋतु के लिए ओवरफ्लो और वाटर लॉगिंग के समय में) (पुनः आमंत्रण)। | 08.06.2026 15.06.2026 | रु.24.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 9, एम.सी. रोहतक में ड्रेनेज सिस्टम की गाद निकालने हेतु आकलन (पुनः आमंत्रण) | 08.06.2026 15.06.2026 | रु.18.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/80/46055/I/88/6 दि. 09.06.26

## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# सिरसाः प्रेम प्रसंग के चलते युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रेम प्रसंग के चलते शहर में एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मृतक युवक की पहचान सिरसा निवासी संदीप कुमार के रूप में हुई। परिजनों का कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, संस्कार नहीं किया जाएगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर कुछ लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों के गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि संदीप को कुछ युवकों ने सोमवार रात को फोन कर घर से बुलाया। संदीप सिरसा के दुर्गा मंदिर के पास पहुंचा जहां कुछ युवक पहले से मौजूद थे। पहले उनमें लड़ाई-झगड़ा हुआ और फिर चाकुओं से संदीप पर कई वार किए गए। आरोपी संदीप को घायलावस्था में छोड़कर फरार हो गए। घायल संदीप को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि संदीप एक युवती से फोन पर बात करता था। परिजनों का आरोप है कि युवती के परिवार के लोगों ने संदीप की हत्या की है। आरोप है कि घटना के वक्त युवती का भाई भी मौके पर था। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



सिरसा। नागरिक अस्पताल में एकत्रित मृतक युवक के परिजन।


## शब्द पहेली - 6252




**बाएँ से दाएँ**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6251 का हल**





## शिक्षा मंत्री का राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी मुख्यालय का दौरा

# पुनर्परीक्षा की तैयारियों का प्रधान ने लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था गोपनीयता और साइबर सुरक्षा उपायों को परखा, निर्देश जारी किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय का दौरा कर नीट 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने एनटीए अधिकारियों के साथ बैठक की और परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, गोपनीयता तथा साइबर सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। प्रधान ने कहा कि नीट परीक्षा 21 जून को आयोजित होनी है और सरकार परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केंद्रों तक सामग्री पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए संबंधित सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।




### राज्यों से अतिरिक्त सहयोग मांगा



### एनटीए में नए अधिकारियों की तैनाती

*प्रधान ने बताया कि एनटीए की संस्थागत क्षमता को मजबूत करने के लिए कई नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संयुक्त सचिव और निदेशक स्तर के कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि अनुभवी और नए दोनों तरह के अधिकारियों को स्पष्ट जिम्मेदारियां दी गई हैं।*

### सचिवों संग की बैठक, सभी मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र

प्रधान ने बताया कि कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के सचिवों की बैठक भी आयोजित की गई है। प्रधान ने कहा कि राज्य सरकारों ने पहले भी सहयोग किया है, लेकिन इस बार और अधिक सतर्कता बरतने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि मैंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। उनका पहले भी सहयोग रहा है, इस बार थोड़ा अधिक ध्यान दिया जाए। अनेक राज्य के मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्य के नीजी और चीफ सेक्रेटरी की उपस्थिति में कलेक्टर, एसपी की मीटिंग शुरू की हैं। इसमें एनटीए के डीजी स्वयं जुड़ते हैं। बारी-बारी से राज्यों की प्रस्तुति हो रही है।

### पेपर लीक मामले में सख्त कार्रवाई होगी

नीट पेपर लीक मामले पर प्रधान ने कहा कि जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सरकार चाहती है सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, उनकी भूमिका की जांच की जाए और अदालत में शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित कर उन्हें उदाहरणात्मक सजा दिलाई जाए। जिन एजेंसियों या पक्षों ने अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन नहीं किया, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की संभावनाओं की भी जांच की जा रही है।

### गृह सचिव करेंगे उच्च स्तरीय बैठक

प्रधान ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात की है तथा शाम को स्वास्थ्य मंत्री से भी बैठक करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र भी पूरे मामले पर करीबी नजर बनाए हुए है।

### साइबर संसाधनों का भी होगा उपयोग

प्रधान ने कहा कि साइबर खतरों और अफवाहों से निपटने सरकार संसाधनों का उपयोग कर रही है। इसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की साइबर क्षमताओं को भी शामिल किया गया है।

### प्रधानमंत्री भी कर रहे निगरानी

प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं नजर रखे हुए हैं। उपिछली कमियों से सबक लिया गया है और इस बार परीक्षा प्रक्रिया को अधिक मजबूत, सुरक्षित और पारदर्शी बनाया गया है।

### छात्रों से की ये अपील

प्रधान ने कहा कि मैं छात्रों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे सिर्फ अपनी तैयारी पर ध्यान दें।

## खबर संक्षेप

### बीकानेर में 6 प्रसूताओं की किडनी फेल!



**बीकानेर।** राजस्थान में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कोटा में प्रसूताओं की मौत और गंभीर संक्रमण के मामलों के बाद अब बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद 6 महिलाओं की किडनी प्रभावित होने का मामला सामने आया है। सभी महिलाओं को डायलिसिस पर रखा गया है।

### दरगाह पर वक्फ बोर्ड की मनमर्जी नहीं चलेगी, दावा खारिज किया

**चेन्नई ।** देश में जहां-तहां, नए-पुराने दरगाहों को लेकर विवाद कोई पुराना नहीं हैं। ऐसी जगहों पर वक्फ बोर्ड अक्सर दावा करता आया है। लेकिन मद्रास हाईकोर्ट के हाल में सुनाए एक फैसले से वक्फ बोर्ड को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने ऐसी संपत्तियों से जुड़े विवादों पर अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भूमि पर दरगाह, कब्र या धार्मिक स्थल का होना मात्र उसे स्वतः वक्फ संपत्ति नहीं बना देता। मामला तमिलनाडु राज्य से जुड़ा है।

### सेना की 850 एकड़ जमीन पर लगेगा 250 मेगावाट सोलर प्लांट

**सीतापुर।** (यूपी के सीतापुर में जल्द ही सेना की 850 एकड़ जमीन पर प्रदेश का सबसे बड़ा सोलर पावर प्लांट स्थापित हो जाएगा, जिसकी क्षमता 250 मेगावाट की होगी। प्लांट नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की ओर से विकसित किया जाएगा। इसमें लगी बैट्री में बिजली का भंडारण भी किया जा सकेगा। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर स्वीकृति पत्र पोस्ट कर यह जानकारी दी है।

### लक्षद्वीप में शराब बिक्री को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** करीब 47 साल तक शराबबंदी लागू रहने के बाद केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में अब नियंत्रित और लाइसेंस आधारित शराब बिक्री की इजाजत दी जाएगी। केंद्र ने 1979 से लागू लक्षद्वीप निषेध विनियमन को समाप्त कर दिया है और नया लक्षद्वीप आबकारी विनियमन-2026 लागू किया है।

## कालीघाट पुलिस थाने की एक टीम और महिला पुलिस कर्मी भी रहे शामिल

# कोलकाता में वारंट लेकर सीआईडी की टीम पहुंची दीदी के घर, तलाशी की चर्चा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल से बड़ी खबर है कि सीआईडी की एक टीम मंगलवार को टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि कालीघाट स्थित निजी आवास पर सीआईडी की टीम पहुंची है। टीम तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी को नोटिस देने पहुंची है। ममता इस वक्त दिल्ली में हैं और सोनिया गांधी से मुलाकात करने उनके आवास गई थीं। सीआईडी अधिकारी कालीघाट पुलिस थाने की एक टीम और महिला पुलिस कर्मियों के साथ दोपहर के आसपास टीएमसी के 30बी हरीश चटर्जी मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय पहुंचे। सीआईडी ने इससे पहले विपक्ष के नेता के रूप में शोभनदेब चट्टोपाध्याय को नामित किए जाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए प्रस्ताव पर टीएमसी के कुछ विधायकों के कथित तौर पर जाली हस्ताक्षर किए जाने से जुड़े मामले के सिलसिले में जानकारी मांगते हुए पार्टी नेताओं को नोटिस जारी किए थे।

### टीएमसी के कुछ विधायकों के कथित जाली हस्ताक्षर करने का मामला



आवास के सामने सीआईडी

### कार्यालय प्रबंधन से बहस भी हुई

सीआईडी अधिकारियों ने बताया कि टीएसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक की ओर से नोटिस के जवाब में दिए गए जवाब के आधार पर परिसर की तलाशी लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि अभिषेक ने अपने जवाब में कहा कि विधायकों के हस्ताक्षर पार्टी के 30बी हरीश चटर्जी मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय में लिए गए थे। इसी के आधार पर हम जांच के सिलसिले में यहां आए हैं। अधिकारी ने कहा कि जांच टीम को परिसर में प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी गई, जिसके चलते कार्यालय का प्रबंधन करने वालों के साथ संक्षिप्त बहस हुई।

### मामला विवादास्पद पत्र के कारण बढ़ा

यह मामला 19 मई को विधानसभा सचिवालय में जमा किए गए एक विवादास्पद पत्र से जुड़ा है, जिसमें शोभनदेब चट्टोपाध्याय को विपक्ष के नेता के रूप में नामित किया गया था। पत्र पर तृणमूल के लगभग 70 विधायकों के हस्ताक्षर होने की बात कही गई है। बागी विधायकों रिताब्रता बेनर्जी और संदीपन साहा की शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि पत्र पर मौजूद कुछ हस्ताक्षर जाली थे, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज की गई और सीआईडी जांच शुरू की गई।

### ममता गुट के कल्याण का दावा

### शाह के बुलावे पर दिल्ली गए यूसुफ

टीएमसी के भीतर जारी बगावत अब और खुलकर सामने आने लगी है। पार्टी के कई सांसदों के बागी रुख के बीच अब पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी सांसद यूसुफ पठान का नाम भी विवाद के केंद्र में आ गया है। ममता के करीबी नेता कल्याण बनर्जी ने दावा किया है कि यूसुफ अमित शाह के फोन आने के बाद दिल्ली गए थे। वहीं बागी नेता काकोली घोष दस्तीदार लगातार यह दावा कर रही हैं कि उनके साथ बड़ी संख्या में सांसद हैं और पार्टी के भीतर असंतोष गहरा चुका है। टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो सांसद भाजपा नेता भूपेंद्र यादव के घर गए, उन्होंने साफ तौर पर भाजपा का साथ चुन लिया है।

### अभिषेक रहे अनुपस्थित

*टीएमसी के पूर्व सांसद शुभाशीष चक्रवर्ती ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने अभिषेक की गैरमौजूदगी में तलाशी का विरोध किया। हमने अभिषेक की गैरमौजूदगी में सीआईडी को परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी। अभिषेक के आने के बाद सीआईडी परिसर की तलाशी ले सकती है।*

### 24 घंटे में सोनिया से दूसरी बार मिलीं ममता, कई मुद्दों पर की चर्चा



इंडिया गठबंधन की बैठक के एक दिन बाद मंगलवार को बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से मुलाकात हो रही है। बंगाल की बिधाननगर उत्तर पुलिस ने बिधाननगर नगर निगम के पूर्व महापौर सब्यसाची दत्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर एक व्यापारी से एक करोड़ की मांग करने और उसे धमकाने का आरोप है। इस दौरान कई मुद्दों पर बात करने की खबर है।

## सुखेंदु ने सांसद पद से दिया इस्तीफा, बोले

# टीएमसी चोरों और दुष्कर्मियों की पार्टी, ट्वीट के लिए तलब किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

टीएमसी छोड़ने और राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा देने पर सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि यह चोरों और दुष्कर्मियों की पार्टी है। अराजक है। आरजी कर की घटना ने मुझे फैसला लेने में मदद की। अगर मैं तब पार्टी छोड़ देता, तो कॉन्ट्रैक्ट किलर्स मेरी हत्या कर सकते थे। जब आरजी कर की घटना हुई, तो लोग सड़कों पर उतर आए। मैंने अपने राजनीतिक करियर में ऐसा कुछ कभी नहीं देखा था और मैंने इस बारे में आवाज उठाई। मैंने कहा कि इसमें शामिल सभी लोगों को फांसी दी जानी चाहिए, मैंने एक ट्वीट भी किया और विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुआ।



### टीएमसी समर्थक बोले- वो सभी गद्दार और सत्ता के भूखे

टीएमसी के भीतर जारी बगावत अब खुली राजनीतिक जंग में बदलती दिखाई दे रही है। पार्टी के कई सांसदों के बागी रुख अपनाने के बाद ममता बेनर्जी के करीबी नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। सांसद कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद ने बागी नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें गद्दार, सत्ता का भूखा और भाजपा से जुड़ा हुआ बताया।

## पीएम मोदी ने कुवैत के अमीर से की बात, तनाव कम करने पर जोर

**नई दिल्ली ।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह से फोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति और सुरक्षा चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में हाल के दिनों में बढ़े तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हुए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए जारी तनाव को तुरंत कम किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पक्षों को संयम बरतते हुए बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए। इसके साथ ही विवादों को सुलझाने के लिए कूटनीति का सहारा लिया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कुवैत के अमीर द्वारा वहां रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा, भलाई और देखभाल पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने के लिए उनका विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।



पीएम मोदी | अमीर अल सबाह

## अदालत ने रद्द किया ट्रंप का निर्णय

# एच1बी वीजा को लेकर नहीं लगेगी 1 लाख डॉलर की फीस

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल 2025 में एच1बी वीजा की फीस को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपए) करने के फैसले को अमेरिका की बोस्टन स्थित एक अदालत ने रद्द कर दिया है। न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने कहा कि अमेरिका के संविधान के तहत किसी भी तरह का कोई कर लगाने या आव्रजन नीतियों को तय करने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के पास है। राष्ट्रपति इसे लेकर स्वयं कोई निर्णय नहीं कर सकते हैं। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप या उनके प्रशासन द्वारा की गई यह फीस बढ़ोतरी गैर कानूनी है और इसे रद्द किया जाता है। अदालत का यह फैसला विपक्ष के 20 डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल द्वारा ट्रंप के फीस बढ़ाने के फैसले को चुनौती देने को लेकर लगाई गई याचिका के जवाब में आया है। पूर्व में एच1बी वीजा के लिए आवेदकों को 2 से 5 डॉलर तक की धनराशि (1 से 4.2 लाख रुपए तक) का भुगतान करना पड़ता था।

***कोर्ट ने कहा, अमेरिकी संसद की मंजूरी के बिना राष्ट्रपति को फीस बढ़ोतरी का अधिकार नहीं***

## दिल्ली अग्निकांड में नया खुलासा

# टी ब्रेक, चालू छोड़ा ऑयल फ्रायर सूचना में देरी से गईं कई 'जानें'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लोरिश स्टे होटल में 3 जून को हुए भीषण अग्निकांड की जांच में कई गंभीर लापरवाही सामने आई हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि एक छोटी सी चाय की चुस्की, एक लावारिस छोड़ा गया तेल फ्रायर और आग लगने के बाद भी किसी को सूचित न करने वाले रसोइए की निष्क्रियता, इस भयावह त्रासदी के पीछे की कड़वी सच्चाई है।

आग की शुरुआत होटल के किचन में तब हुई जब रसोइया केशव नेगी चाय बना रहा था। उसने तेल से भरे फ्रायर को चालू छोड़ा और चाय पीते समय उसे भूल गया। तेल का तापमान ऑटो-इग्निशन बिंदु तक पहुंचा, उसने आग पकड़ ली, जिससे छत में आग लग गई और पूरे होटल में फैल गई। आग लगने के कारणों को और स्पष्ट करने के लिए, दिल्ली पुलिस आईआईटी दिल्ली की मदद लेने की तैयारी कर रही है।

## देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की पहल

# उपराष्ट्रपति ने कहा, नदी जोड़ो परियोजनाओं में धन नहीं, लोगों की सोच सबसे बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन परियोजनाओं में धन की कमी सबसे बड़ी बाधा नहीं है, बल्कि लोगों की सोच और राजनीतिक कारण सबसे बड़ी चुनौती हैं।उपराष्ट्रपति भवन में जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान राधाकृष्णन ने यह बात कही।



### मुख्य बातें

- *राष्ट्रीय हित में पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए दूरदर्शी और सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण की जरूरत पर जोर।*
- *'जल संचय जन भागीदारी' को सराहा। अभियान के दूसरे चरण में 1.55 करोड़ से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाई या दर्ज की गई हैं, जो लक्ष्य से अधिक हैं।*
- *केन-बेतवा लिंक, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक और गोदावरी-कावेरी लिंक जैसी प्रमुख नदी जोड़ो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।*

### जल संकट कम होगा

उपराष्ट्रपति ने कहा कि नदियों को जोड़ने से जल संकट कम होगा, सूखे से निपटने में मदद मिलेगी, सिंचाई क्षेत्र बढ़ेगा और देश के विभिन्न हिस्सों में संतुलित विकास संभव होगा। उपराष्ट्रपति ने केन-बेतवा जैसी अहम परियोजनाओं पर वृत्तचित्र और स्थायी रिकॉर्ड तैयार करने का सुझाव दिया।

## पश्चिमी क्यूबा में आया 6.1 तीव्रता का भूकंप

# कई जगह हिली इमारतें, जान माल सुरक्षित समुद्र में 10 किमी की गहराई पर रहा केंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी क्यूबा के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे हवाना में इमारतें हिल गईं। भूकंप के झटके फ्लोरिडा तक महसूस किए गए। तुरंत किसी के घायल होने या नुकसान की खबर नहीं मिली। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप हवाना के पश्चिम में समुद्र में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। मियामी में नेशनल वेदर सर्विस ने ट्वीट किया कि उन्हें राज्य के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में झटके महसूस होने की कई खबरें मिली हैं। सावधानी के तौर पर कई इमारतों को खाली करवा रहे हैं, जिनमें काउंटी का मुख्य सरकारी ऑफिस भी शामिल है - जो मियामी के डाउनटाउन में 28 मंजिला ऊंची इमारत है। ऑरलैंडो के उत्तर में भी लोगों ने झटके महसूस किए। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के जियोफिजिसिस्ट विलियम बर्नहार्ट ने कहा कि इस भूकंप से कोई सुनामी नहीं आई।




### फिलीपींस में 32 हजार लोग बेघर

*फिलीपींस की सबसे ज्यादा आबादी वाले द्वीप में दूसरे नंबर पर आने वाले मिंडानाओ के पास आए भूकंप ने पूरे शहर को तहस-नहस कर दिया है। भूकंप में जहां 37 लोगों की मौत हो गई वहीं लगभग 500 लोग घायल हैं। भूकंप में सरकारी इमारतों और स्कूलों को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज समुद्री लहरों से तट के आस-पास के घर पूरी तरह नष्ट हो गए। 32,000 से ज्यादा लोग बेघर हो गए। बचाव दल धाराशाई इमारतों में जीवित बचे या हताहत हुए लोगों का पता लगा रहा है।*

## सिपरी का दावाः भारत ने परमाणु नीति में किया बड़ा बदलाव

# पहली बार तैनात किए 12 परमाणु हथियार, पास हैं 190

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

परमाणु हथियारों की नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए, भारत ने पहली बार 12 परमाणु वॉरहेड तैनात किए हैं। दुनिया की प्रमुख हथियार-ट्रैकिंग संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट का दावा है कि यह पहली बार है जब भारत के हथियारों के जखीरे को सिर्फ जमा करके रखने के बजाय, ऑपरेशन के लिए तैनात (ऑपरेशनली डिप्लॉयड) माना गया है। जमीन के नीचे बने मिसाइल साइलो और नई परमाणु पनडुब्बियों में तुरंत इस्तेमाल के लिए तैयार परमाणु हथियारों को तैनात करना, बढ़ी हुई तैयारी का संकेत देता है।

**भारत ऐसी मिसाइल पर काम कर रहा जो कई परमाणु वारहेड ले जा सकती है**



एआई इमेज

### भारत ने समुद्र में भी बढ़ाई परमाणु ताकत

रिपोर्ट में भारत की समुद्री परमाणु क्षमता को भी बेहद महत्वपूर्ण बताया गया है। भारत की परमाणु पनडुब्बियां, खासकर आईएनएस अरिहंत, अब देश की 'सेकंड स्ट्राइक क्षमता' का बड़ा आधार बन रही हैं। हालांकि, मिसाइलों को कैनिस्टर में रखने और समुद्र से डेटरेंस पेट्रोलिंग करने की दिशा में देश के हालिया कदमों से संकेत मिलता है कि भारत शांति के समय में भी अपने कुछ वॉरहेड को उनके लॉन्चरों के साथ जोड़ने की दिशा में बढ़ सकता है।

### परमाणु कार्यक्रम पर भारत का जोर

*सिपरी ने कहा कि जनवरी 2026 तक भारत के पास लगभग 190 परमाणु हथियारों का बढ़ता हुआ भंडार होने का अनुमान था। जबबकि पिछले साल भारत के पास अनुमानित 180 परमाणु हथियार थे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अपने परमाणु कार्यक्रम को आधुनिक बना रहा है और नई तकनीकों के जरिए रणनीतिक क्षमता मजबूत कर रहा है। चीन के पास करीब 620 और पाकिस्तान के पास करीब 172 परमाणु हथियार होने का अनुमान है।*

### कई मिसाइलों में परमाणु वारहेड

*रिपोर्ट के अनुसार भारत अब नई पीढ़ी की परमाणु तकनीकों पर तेजी से काम कर रहा है। इनमें सबसे अहम है एमआईआरवी तकनीक। इसके जरिए एक ही बैलिस्टिक मिसाइल कई परमाणु वारहेड ले जा सकती है और अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। इसके अलावा भारत कैनिस्टराइज्ड मिसाइल सिस्टम भी विकसित कर रहा है, जिससे मिसाइलों को तेजी से लॉन्च किया जा सकेगा और उनकी सुरक्षा भी बढ़ेगी। भारत के मिसाइल बेड़े में पृथ्वी-2, अग्नि-1, अग्नि-2, अग्नि-3, अग्नि-4 और अग्नि-5 जैसी मिसाइलें शामिल हैं। नई अग्नि-पी मिसाइल को ज्यादा सटीक और आधुनिक माना जा रहा है।*

चिंतन

# एच-1 बी वीजा पर भारतीय पेशेवरों को मिली बड़ी राहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट के नाम पर व्यापार, आव्रजन और रोजगार से जुड़ी कई नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य विदेशी पेशेवरों और कंपनियों पर अंकुश लगाना था, लेकिन अमेरिकी फेडरल कोर्ट द्वारा एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस लगाने वाली नीति को रद्द किया जाना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की ताकत और संवैधानिक मर्यादाओं की जीत भी है। कोर्ट द्वारा पहले ट्रंप के टैरिफ को रद्द करना और अब एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर (करीब 95 लाख) फीस वसूलने वाली नीति को रद्द करना न्यायपालिका की मजबूती दिखाता है। इस फैसले से भारतीय पेशेवरों को बड़ी राहत मिलेगी और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। वहीं, अमेरिकी कंपनियों को वैश्विक प्रतिभाओं तक पहुंच बनाए रखने में मदद मिलेगी। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने सितंबर 2025 में घोषणा की थी कि जो अमेरिकी कंपनियां एच-1बी वीजा पर विदेशी पेशेवरों को नौकरी देंगी, उन्हें प्रति वीजा 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस देनी होगी। यह रकम इतनी अधिक थी कि अधिकांश कंपनियों के लिए विदेशी प्रतिभाओं को नियुक्त करना आर्थिक रूप से कठिन हो जाता। नतीजा यह होता कि हजारों कुशल पेशेवरों के लिए अमेरिका के रोजगार बाजार के दरवाजे लगभग बंद हो जाते। सबसे अधिक असर भारतीयों पर पड़ता, क्योंकि एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी भारत है। आंकड़ों के अनुसार, इस वीजा के लगभग 70 प्रतिशत धारक भारतीय हैं। इनमें बड़ी संख्या आईटी इंजीनियरों, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की है। अमेरिका की डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारतीय प्रतिभा की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि अदालत का यह फैसला भारतीय युवाओं और पेशेवरों के लिए राहत की खबर बनकर आया है। इससे न केवल रोजगार के अवसर सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उन कंपनियों को भी फायदा होगा, जो वैश्विक प्रतिभाओं के दम पर नवाचार और विकास को आगे बढ़ाती हैं। आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल देशों के बीच नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को आकर्षित करने की भी है। जो देश कुशल लोगों के लिए दरवाजे बंद करेगा, वह अंततः अपनी आर्थिक क्षमता को भी सीमित करेगा। ट्रम्प की नीति का मूल आधार यह तर्क था कि विदेशी कर्मचारियों के कारण अमेरिकी नागरिकों के रोजगार प्रभावित होते हैं, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। विदेशी पेशेवर न केवल कंपनियों की जरूरत पूरी करते हैं, बल्कि नए रोजगार और आर्थिक गतिविधियां भी पैदा करते हैं। यही वजह है कि अमेरिका की कई बड़ी कंपनियों ने भी एच-1बी कार्यक्रम को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के लिए आवश्यक बताया है। इस पूरे प्रकरण का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू न्यायपालिका की भूमिका है। हाल के वर्षों में अमेरिकी अदालतों ने कई बार कार्यपालिका के निर्णयों की समीक्षा करते हुए उन्हें संवैधानिक कसौटी पर परखा है। अदालतों ने यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है। कोई भी सरकार, चाहे वह कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, संवैधानिक सीमाओं से ऊपर नहीं हो सकती। भारत के संदर्भ में भी यह फैसला एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिभा का मुक्त प्रवाह आधुनिक विकास का आधार बन चुका है। भारतीय युवाओं की तकनीकी दक्षता और वैश्विक मांग देश की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। ऐसे में एच-1बी व्यवस्था पर अनावश्यक प्रतिबंध न केवल भारतीयों, बल्कि अमेरिकी उद्योगों के हितों के भी खिलाफ होते।



केंद्र के 12 वर्ष
नायब सिंह सैनी

# सेवा, सुशासन व संकल्प का स्वर्णिम अध्याय

**एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में ‘राष्ट्र प्रथम’ को रखा।**

कुछ कालखंड राष्ट्र की दिशा और दशा बदलने वाले युग बन जाते हैं। उन्हें इतिहास में अलग ही अध्याय के रूप में लिखा जाता है। ऐसा ही एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में ‘राष्ट्र प्रथम’ को रखा।

इस महान नेतृत्व को कोटि-कोटि नमन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूरे होना भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण की गाथा है। एक समय था जब भारत को ‘संभावनाओं का देश’ कहा जाता था, लेकिन आज भारत ‘उपलब्धियों का देश’ बनकर दुनिया के सामने खड़ा है। यह परिवर्तन किसी एक योजना, किसी एक निर्णय या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र राष्ट्र निर्माण की एक व्यापक प्रक्रिया का परिणाम है। भारत हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता है। यह वह भूमि है जिसने दुनिया को योग, आयुर्वेद, ध्यान, दर्शन और मानव कल्याण का मार्ग दिखाया। लंबे समय तक हमने अपनी इसी अमूल्य धरोहर को केवल इतिहास की पुस्तकों तक सीमित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को पुनः जागृत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। इन पहलों ने करोड़ों भारतीयों के मन में अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति नया गर्व पैदा किया है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि करोड़ों भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। वैश्विक महामारी, युद्ध, आर्थिक मंदी और आपूर्ति श्रृंखला संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा। वस्तु एवं सेवा कर, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और व्यापार के लिए ईज ऑफ डुइंग बिजनेस जैसीपहलों ने भारत को निवेश और विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में यदि किसी एक परिवर्तन को विशेष रूप से रेखांकित किया जाए, तो वह भारत की डिजिटल क्रांति है। एक समय था जब सरकारी



योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचने से पहले ही व्यवस्था की खामियों में खो जाता था। भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका आम चर्चा का विषय थी। आज जनधन और तकनीक की शक्ति ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। 53 करोड़ से अधिक जनधन खाते, दुनिया के सबसे अधिक यूपीआई हस्तांतरणों ने भारत को डिजिटल शासन का वैश्विक मॉडल बना दिया है। डीबीटी के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। इससे पारदर्शिता बढ़ी हैऔर गरीबों को उनका अधिकार मिला है। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सफलता गरीब कल्याण रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के ‘अंत्योदय’ के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए उन्होंने विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए। उज्ज्वला योजना ने लगभग 11 करोड़ गरीब माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा की। जल जीवन मिशन ने गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया। आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी की चपेट में थी, तब भारत के सामने भी विकट हालात थे। लेकिन, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने आपदा को अवसर में बदलते हुए अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दिया। एक समय जो देश वैक्सीन आयात करता था, वही देश दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक और आपूर्तिकर्ता बन गया। ‘वैक्सीन मैत्री’ अभियान के माध्यम से भारत ने लगभग 60 देशों की सहायता की और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यही वह समय था जब ‘आत्मनिर्भर भारत’ का संकल्प राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेने लगा। रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल निर्माण, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए। आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका भी पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली और निर्णायक है। एक समय था जब भारत वैश्विक घटनाओं का पर्यवेक्षक माना जाता था।लेकिन, आज भारत वैश्विक विमर्श का नेतृत्व कर रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, ‘एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य’ का संदेश, ग्लोबल साउथ की आवाज़ को विश्व मंच तक पहुंचाना और संतुलित विदेश नीति के माध्यम से विभिन्न वैश्विक शक्तियों के साथ मजबूत संबंध बनाना माननीय प्रधानमंत्री की वैश्विक कूटनीति और भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण है। भारत की इस विकास यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आधार उसकी युवा शक्ति है। आज का युवा रोजगार सृजक बनने की आकांक्षा रखता है। आज भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और विकसित भारत-2047 का लक्ष्य हमारे सामने है। यह लक्ष्य 140 करोड़ भारतीयों का राष्ट्रीय संकल्प है। विकसित भारत का अर्थ बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ साथ एक ऐसा भारत होगा, जो गरीबी से मुक्त, तकनीकी रूप से सशक्त, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, अवसरों में समानता वाला और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र होगा। मोदी सरकार के 12 वर्षों की यह यात्रा हमें यह विश्वास दिलाती है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, नीयत साफ हो, नीति प्रभावी हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तब परिवर्तन अवश्य संभव होता है। यह 12 वर्ष नए भारत के उदय की कहानी है। यह विकसित भारत के स्वर्णिम भविष्य का उद्घोष है।

( लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विरासत
डॉ. घनश्याम बादल



# क्या सचमुच नेहरू से आगे निकल गए मोदी!

भारतीय राजनीति में प्रतीकों का महत्व हमेशा से वास्तविकताओं जितना ही रहा है। कभी किसी नेता की टोपी पहचान बन जाती है, कभी किसी का चश्मा और कभी किसी का रिकॉर्ड। 10 जून 2026 को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के उस पड़ाव का उत्सव मनाया जा रहा है, जब वे स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री पद पर बने रहने वाले नेता के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड को पार करने का दावा कर रहे हैं। स्वाभाविक है कि यह केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी है। सवाल यह है कि क्या वास्तव में मोदी का कार्यकाल नेहरू से लंबा माना जाना चाहिए? यदि हां, तो किस आधार पर? और यदि नहीं, तो क्यों? उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्या लोकतंत्र में ऐसी तुलनाएं उपयोगी हैं या फिर वे इतिहास को राजनीतिक हथियार में बदलने का प्रयास हैं? सबसे पहले तथ्य। नेहरू 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 तक लगभग 16 वर्ष 9 माह तक प्रधानमंत्री रहे। मोदी 26 मई 2014 से लगातार प्रधानमंत्री हैं, और 10 जून को हुए 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। लेकिन जवाहरलाल नेहरू 1947 से 1952 तक अंतरिम प्रधानमंत्री रहे, क्योंकि भारत में लोकसभा का पहला चुनाव 1952 में हुआ। यदि केवल लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल की गणना की जाए तो मोदी का रिकॉर्ड पंडित नेहरू के कार्यकाल से लंबा हो जाता है, लेकिन यदि पद पर रहने की कुल अवधि को नापा जाएगा तो फिर नेहरू से अभी भी मोदी लगभग पौने पांच साल पीछे हैं। भाजपा इसी आधार पर इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बता रही है, लेकिन यहीं से बहस शुरू होती है। नेहरू का कार्यकाल उस दौर का था, जब देश विभाजन के घावों से जूझ रहा था। करोड़ों शरणार्थियों का पुनर्वास करना था, रियासतों का एकीकरण पूरा करना था, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थापना करनी थी और एक नए राष्ट्र-राज्य की बुनियाद रखनी थी। दूसरी ओर, मोदी उस भारत के प्रधानमंत्री बने, जो पहले से स्थापित लोकतांत्रिक ढांचे, मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था और अपेक्षाकृत स्थिर अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा था। इसलिए केवल दिनों की संख्या के आधार पर दोनों की तुलना करना वैसा ही है, जैसे किसी इमारत की छत बनाने वाले की तुलना उसकी नींव डालने वाले से करना। यह भी सच है कि लोकतंत्र में चुनाव जीतना आसान नहीं होता। मोदी ने लगातार तीन लोकसभा चुनावों में भाजपा को केंद्र की सत्ता तक पहुंचाया है। यह उपलब्धि छोटी नहीं है। भारतीय राजनीति में लंबे समय तक जनसमर्थन बनाए रखना अपने आप में एक बड़ी राजनीतिक सफलता है। इसलिए यदि भाजपा इसे जनादेश की निरंतरता का उत्सव कहती है तो उसमें कोई अस्वाभाविकता नहीं है। नेहरू और मोदी की तुलना केवल उपलब्धियों या असफलताओं की सूची बनाकर नहीं की जा सकती। दोनों अलग-अलग युगों के नेता हैं। नेहरू की चुनौती भारत को खड़ा करना थी, मोदी की चुनौती भारत को वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करना है। अब प्रश्न आता है कि भाजपा इस रिकॉर्ड का उत्सव क्यों मना रही है? इसका उत्तर राजनीति के स्वभाव में छिपा है। राजनीति केवल वर्तमान का प्रबंधन नहीं, इतिहास की व्याख्या का संघर्ष भी है। लंबे समय तक भारतीय राजनीति में नेहरू परिवार और कांग्रेस की विरासत प्रमुख रही। मोदी युग में भाजपा उस ऐतिहासिक विमर्श को बदलने का प्रयास कर रही है। नेहरू के रिकॉर्ड को पार करने का उत्सव वस्तुतः एक प्रतीकात्मक घोषणा है कि भारतीय राजनीति का केंद्र अब बदल चुका है। यह केवल एक रिकॉर्ड का जश्न नहीं, बल्कि एक वैचारिक संदेश है। भाजपा अपने समर्थकों को यह बताना चाहती है कि जिस राजनीतिक धारा को कभी हाशिए पर माना जाता था, वही आज भारतीय राजनीति का मुख्य प्रवाह बन चुकी है। इसलिए यह उत्सव प्रशासनिक से अधिक राजनीतिक महत्व रखता है। लोकतंत्र में तुलना स्वाभाविक है, लेकिन तुलना का आधार संतुलित होना चाहिए। यदि तुलना केवल कार्यकाल की लंबाई पर होगी तो वह अधूरी होगी। यदि तुलना केवल उपलब्धियों पर होगी तो भी पक्षपात का खतरा रहेगा। इतिहास का मूल्यांकन समय, परिस्थितियों और चुनौतियों के संदर्भ में होना चाहिए। लोकतंत्र में किसी नेता को बड़ा साबित करने के लिए दूसरे को छोटा साबित करना आवश्यक नहीं है। कौन बड़ा है, इसका निर्णय राजनीतिक दलों के उत्सव नहीं, बल्कि इतिहास और आने वाली पीढ़ियां करेंगी। फिलहाल इतना अवश्य कहा जा सकता है कि रिकॉर्ड टूटते हैं, लेकिन विरासतें केवल समय की कसौटी पर ही बनती हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित
दर्शन

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।


## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं। यह मजदूर तुम्हारे खेतों में काम करके खुश रहता था और सच्चे मन से भगवान की आराधना करता था।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### बढ़ती रसोई गैस कीमतों से निपटना जरूरी

पश्चिमी एशिया के तनाव के कारण हमारे देश में पिछले तीन महीनों में रसोई गैस की कीमतों में दो बार वृद्धि हो चुकी है और अभी भी यह कहा जा रहा है कि अभी भी घाटा हो रहा है, क्योंकि अमरीका और ईरान युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में तेजी है। अब कुछ राज्यों में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए के करीब या इससे ऊपर हो चुकी है। सरकारों और समृद्ध लोगों के लिए यह वृद्धि मामूली रकम हो सकती है, लेकिन एक दिहाड़ीदार से पूछो कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में इस बढ़ोतरी से उसे कितनी परेशानी हुई। एक तरफ सरकार गरीबों को मुफ्त का राशन बांट रही है, वहीं रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोग परेशान हैं। *- मोनिका, करनाल*

### करंट अफेयर


## भारत बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता



भारत वर्ष 2025 में 92.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रक्षा व्यय के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता रहा है। अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक ‘स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट’ (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच रहे ‘असामान्य गंभीर सैन्य संकट’ का भी उल्लेख किया गया है। सोमवार को जारी इस वार्षिक आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास जनवरी 2026 तक लगभग 190 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 हथियार हैं। सिपरी के अनुसार, समझा जाता है कि भारत ने 2025 में अपने परमाणु भंडार का ‘हल्का विस्तार’ किया और नए हथियार प्रणालियों के विकास को जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आधुनिकीकरण प्रक्रिया अब उन हथियारों पर केंद्रित है जो चीन के पूरे क्षेत्र तक पहुंच सकते हैं, हालांकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी इसका प्रमुख आधार बनी हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान ने भी 2025 में नई हथियार प्रणालियों का विकास और विखंडनीय सामग्री का संचय जारी रखा, जिससे उसके परमाणु भंडार के आने वाले दशक में बढ़ने की संभावना है।

### ऑफ बीट

## तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6




ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था ‘थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन’ (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4.5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।

### ट्रेंड

#### दयनीय स्थिति



बारह वर्षों की गरीब-विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौतावादी विदेश नीति ने आज देश को ऐसी दयनीय स्थिति में धकेल दिया है जहाँ लाखों गरीब परिवार लकड़ी के चूल्हों के जहरीले धुएं की ओर विवश हैं।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

#### हिंदू व्यापारियों पर रेड



आज पंजाब में ईडी एक बार फिर हिंदू व्यापारियों पर छापेमारी कर रही है। ईडी पंजाब के छोटे हिंदू व्यापारियों को परेशान कर रही है। मैं सभी व्यापारियों से अपील करता हूं - घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पूरा पंजाब और सरकार आपके साथ है, हम सब मिलकर ईडी का सामना करेंगे।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

#### दोषियों को संरक्षण



रांची की जेल में हेमंत सरकार महिला कैदी के साथ जेल अधीक्षक द्वारा किए शारीरिक दुर्व्यवहार को अफवाह बताकर व मेडिकल रिपोर्ट को छुपाकर दोषियों को संरक्षण दे रही है। मामला सामने आते ही महिला को जमानत देना भी संदिग्ध लगता है।
**- बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

#### गैर-जरूरी मुद्दे



एनडीए सरकार जनता की ज्वलंत समस्याओं और अपनी नीतिगत विफलताओं से ध्यान हटाने, गुमराह करने के लिए आवास और सुरक्षा जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। आखिर इन मुद्दों से जनता को क्या लाभ होगा?
**- तेजस्वी यादव,** पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 32 साल बाद अमेरिका में फीफा की वापसी, 1994 के मुकाबले बदलेगा फुटबॉल का रोमांच




एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में 1994 में खेले गए पहले फीफा विश्व कप और 2026 में अमेरिका, मेक्सिको तथा कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के बीच कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

11 जून से 19 जुलाई 2026 तक चलने वाला यह टूर्नामेंट आकार, टिकट कीमतों और सुविधाओं के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा।

### टिकट हुए कई गुना महंगे

**1994:** पहले दौर के मैचों के टिकट 25 से 75 डॉलर तक मिल जाते थे, जबकि फाइनल के टिकट 180 से 475 डॉलर के बीच थे।

**वहीं 2026** में पहले दौर के टिकट 140 डॉलर से शुरू होकर 2,735 डॉलर तक पहुंच रहे हैं। फाइनल के टिकट 4,185 डॉलर से लेकर 8,680 डॉलर तक बेचे गए, जबकि बाद में उनकी अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 डॉलर कर दी गई। इस बार टिकटों की कीमत मांग के अनुसार बदलने वाली 'डायनेमिक प्राइसिंग' प्रणाली भी लागू की गई है।




### भौगोलिक दायरा

**1994 :** पूरा टूर्नामेंट अमेरिका के 9 स्टेडियमों में खेला गया था।

**2026:** तीन देशों में होगा आयोजन 16 स्टेडियमों का उपयोग होगा, जिनमें 11 अमेरिका, तीन मेक्सिको और दो कनाडा में हैं। क्वार्टर फाइनल से लेकर फाइनल तक के सभी मुकाबले अमेरिका में होंगे।

### बढ़ी टीमों की संख्या

**1994 :** विश्व कप 24 टीमों वाला आखिरी टूर्नामेंट था। इसके बाद 1998 में टीमों की संख्या 32 हुई।

**वहीं 2026** में पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। नए प्रारुप के कारण चैंपियन बनने वाली टीम को अब सात की जगह आठ मैच खेलने होंगे।

#### मैदानों का आकार

**1994:** उस समय फीफा मैदान की लंबाई 105 मीटर और चौड़ाई 68 मीटर तय की थी लेकिन स्टेडियमों को निर्धारित माप से छोटे मैदान रखने की छूट थी।

**2026:** सभी स्टेडियमों को फीफा के तय मानकों के अनुसार तैयार किया गया है।

### दर्शकों की संख्या

**1994:** विश्व कप में 52 मैचों में कुल 35.9 लाख दर्शक पहुंचे थे, जो उस समय रिकॉर्ड था।

**2026:** मैचों की संख्या बढ़ने के कारण 60 से 70 लाख दर्शकों के आने की संभावना जताई जा रही है।

### वाटर ब्रेक

**1994:** गर्म और उमस भरे मौसम के बावजूद मैच बिना किसी विशेष पानी के विराम के खेले जाते थे।

**2026:** प्रत्येक हाफ में तीन मिनट का वॉटर ब्रेक होगा। कोच इस समय का उपयोग खिलाड़ियों को रणनीति समझाने के लिए भी कर सकेंगे।

### स्थानापन्न खिलाडी

**1994:** एक टीम अधिकतम दो खिलाड़ियों को बदल सकती थी, जबकि विशेष परिस्थितियों में गोलकीपर के लिए अतिरिक्त बदलाव की अनुमति थी।

**2026:** प्रत्येक टीम पांच खिलाड़ियों को बदल सकेगी। अतिरिक्त समय में छठा बदलाव और सिर में चोट (कंकशन) की स्थिति में अलग से बदलाव की सुविधा भी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-वेस्टइंडीज का वनडे चढ़ा बारिश की भेंट

**किंग्सटन।** वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच दूसरे एकदिवसीय की तरह तीसरा एकदिवसीय मैच भी एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गया। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे मैच रद्द करने का फैसला किया क्योंकि बारिश रुकने की स्थिति में भी आउटफील्ड को मुकाबले के लिए तैयार नहीं किया जा सकता था। श्रीलंका ने श्रृंखला का पहला मैच 41 रन से जीता था, जो कैरेबियाई सरजमीं पर 13 साल में उसकी पहली जीत थी। आखिरी दो मैच बारिश की भेंट चढ़ने से श्रीलंका ने श्रृंखला 1-0 से अपने नाम की। दोनों टीम के बीच अब तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसका पहला मैच गुरुवार को किंग्सटन में होगा।

### साहिल-ज्योति तुर्किये विश्व कप के क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष 10 में शामिल

**अंताल्या।** मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे युवा भारतीय तीरंदाज साहिल जाधव ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रभावशाली खेल जारी रखते हुए मंगलवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के चरण-तीन की कंपाउंड स्पर्धा के क्वालिफिकेशन दौर में 10वां स्थान हासिल किया जबकि अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा में सातवें स्थान पर रहीं। पिछले महीने शंघाई में अपना पहला विश्व कप पदक जीतने वाले साहिल ने पुरुष कंपाउंड क्वालिफिकेशन में 710 अंक जुटाए। ऑस्ट्रिया के निको वीनर 714 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे। साहिल समेत कुल सात तीरंदाज 710 अंकों पर बराबरी पर थे, लेकिन एक्स-काउंट (निशाने के केंद्र के करीब) के आधार पर भारतीय खिलाड़ी 10वें स्थान पर खिसक गए।

### प्रज्ञानानंदा की वापसी से ले सकते हैं प्रेरणा : आनंद



**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद ने आर प्रज्ञानानंदा के खेलने के बेहद प्रतिस्पर्धी अंदाज की तारीफ की और संघर्ष कर रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश से कहा कि वे नार्वे शतरंज चैंपियन बने इस खिलाड़ी से सीख लेकर अपनी वापसी की कहानी लिखें। प्रज्ञानानंदा हाल ही में नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बने जबकि गुकेश टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहे। आनंद ने कहा, 'मुझे खुशी है कि प्रज्ञानानंदा ने शानदार अंदाज में नार्वे शतरंज जीता। पिछले चार दौर में उन्होंने जिस तरह से जोरदार वापसी की उससे मैं बहुत खुश हूं। वे बहुत ही प्रभावशाली शैली के साथ खेल रहे हैं।' आनंद ने कहा, 'प्रज्ञानानंदा इस समय गुकेश से बेहतर खेल रहे हैं लेकिन कुछ भी बदल सकता है।

## ट्राई नेशन सीरीज: पहले मैच में भारत ने श्रीलंका को 8 रन से हराया

# आखिरी चार गेंदों में चटकाए तीन विकेट इंडिया ए की श्रीलंका ए पर रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶| दांबुला

इंडिया ए ने ट्राई नेशन सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका ए को 8 रनों से हराया। भारत ए ने श्रीलंका ए के आखिरी तीन विकेट चार गेंदों पर चटकाए। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली इंडिया ए ने पहले खेलते हुए रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। 49वें ओवर में श्रीलंका ए की पारी 269 रनों पर सिमट गई। ऋतुराज गायकवाड़ ने शतकीय पारी खेली।

### 49वें ओवर में रोमांच

श्रीलंका ए को जीत के लिए आखिरी दो ओवर में सिर्फ 10 रन चाहिए थे। 49वें ओवर में अरशद खान की पहली गेंद पर एक रन बना। दूसरी गेंद पर विजयकांत व्यासकांत एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। तीसरी गेंद पर 23 रन बनाकर खेल रहे वानुजा सहन रन आउट हो गए। 5वीं गेंद पर आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद शिराज आउट हो गए और इंडिया ए जीत गई।

### श्रीलंका की ठोस शुरुआत

श्रीलंका ए को अनुभवी निरोशन डिकवेला और अविष्का फर्नांडो ने ठोस शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए दोनों ने 99 गेंदों पर 93 रन जोड़े। आयुष बडोनी ने दोनों ही बल्लेबाज को आउट किया। डिकवेला ने 47 और अविष्का ने 45 रन बनाए। तीसरे नंबर पर उतरे नुवानिदु फर्नांडो 8 रन ही बना सके। 16 रनों के अंतर 3 विकेट गिरने के बाद सदीरा समरविक्रमा और कप्तान सहान अराच्चिगे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 78 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में श्रीलंका ए की टीम 187 रनों तक पहुंच गई थी।



### कंबोज ने बड़ा विकेट झटका

51 गेंदों पर 46 रन बनाने वाले सदीरा को आउट करके अनुकूल रॉय ने यह साझेदारी तोड़ी। लेकिन सहान ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। हालांकि इंडिया ए के गेंदबाज दूसरे छोर से विकेट चटकाते रहे। 3 ओवर में मेजबान टीम को 17 रन चाहिए थे। अंशुल कंबोज ने 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर सहान को यॉर्कर मारकर बोल्ड कर दिया। उन्होंने 72 गेंदों पर 74 रन बनाए। इंडिया ए की तरफ से अरशद खान, अनुकूल रॉय, विपराज निगम और आयुष बडोनी ने 2-2 विकेट लिए।

### भारतीय टीम की शुरुआत नहीं रही अच्छी

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 2 और वैभव सूर्यवंशी 14 रन बनाकर आउट हो गए। 16 रन पर 2 विकेट गंवा चुकी इंडिया ए को प्रियांश आर्य और ऋतुराज गायकवाड़ ने संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आर्य 32 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए।

### गायकवाड़ ने लगाया बेहतरीन शतक

इसके बाद गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और चौथे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। गायकवाड़ ने बेहतरीन शतक लगाया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 114 गेंदों पर 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 101 रन की पारी खेली। तिलक ने 97 गेंदों पर 60 की पारी खेली। आयुष बडोनी ने 24 और सुयांश शेड्गे ने 26 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट लिए। वह सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके अलावा, चमिका करुणारत्ने, गारुका संकेथ, और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट लिए।

### ऋतुराज ने की द्रविड़ और गंभीर की बराबरी

श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। यह ऋतुराज का लिस्ट ए क्रिकेट में 21वां शतक था। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और वर्तमान कोच गौतम गंभीर की बराबरी कर ली। इन दोनों खिलाड़ियों के भी लिस्ट ए क्रिकेट में 21-21 शतक हैं। ऋतुराज ने श्रीलंका ए के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए 114 गेंद पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए।

## अफगानिस्तान श्रृंखला

# रोहित और हार्दिक फिट सीरीज के लिए हरी झंडी



एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने रविवार से अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में शुरू होने वाली 3 मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की मंजूरी दे दी। पंड्या और रोहित चोटों के कारण मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल के कई मैच नहीं खेल पाए थे। जहां पंड्या पीठ में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे थे तो वहीं रोहित की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव था। पंड्या दो जून से बेंगलुरु में सीओई में हैं।

### सीओई ने दी पंड्या को फिटनेस मंजूरी

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, '2 जून को सीओई में आने से पहले हार्दिक विदेश में छुट्टियां मना रहे थे। अगले पांच दिन में उन्होंने मैच जैसी कई स्थितियों में तैयारी की और 10 ओवर (पूरा कोटा) तक गेंदबाजी भी की।' सूत्र ने कहा, 'उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई और जानकारी के मुताबिक सीओई में स्ट्रेंथ और अनुकूलन कोच ने अलग-अलग पैमानों पर उनकी फिटनेस को मंजूरी दे दी है।'

### रोहित को मिली खेलने की स्वीकृति

पूर्व कप्तान रोहित भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की जांच के लिए सीओई में थे और जांच के बाद उन्हें भी खेलने की स्वीकृति मिल गई है। सोमवार को भारत के सहायक कोच सितांशु कोटक ने कहा था कि भले ही उनके पास पंड्या की फिटनेस के बारे में कोई ताजा जानकारी नहीं है लेकिन उन्हें लगता है कि यह ऑलराउंडर ठीक है। पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी हैं क्योंकि वह अपनी तेज गेंदबाजी और डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को संतुलन देते हैं।

## निशानेबाजी ट्रायल्स : सरबजोत लक्षिता, अखिल और साक्षी जीते

एजेंसी ▶▶| देहरादून

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह, सेना की निशानेबाज लक्षिता, विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व पदक विजेता अखिल श्योराण और महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पेडेकर ने राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिये राष्ट्रीय चयन ट्रायल टी4 में अपने अपने वर्ग में जीत दर्ज की। पुरूषों के दस मीटर एयर पिस्टल फाइनल में सरबजोत ने 245.9 अंक लेकर बाजी मारी। सेना के अजेंद्र सिंह चौहान 245.1 अंक के साथ दूसरे और विश्व चैम्पियन सम्राट राणा 221.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के कमलजीत चौधरी चौथे, सौरभ चौधरी पांचवें, पंजाब के उदयवीर सिद्धू छठे, राजस्थान के ओमप्रकाश मिठरवाल सातवें और सेना के प्रमोद आठवें स्थान पर रहे। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में सेना की लक्षिता ने हरियाणा की सुरभि राव को 0.2 अंक से पछाड़ा। उत्तर प्रदेश की मानसी आनंद तीसरे स्थान पर रही। आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल 2025 रजत पदक विजेता संयम चौथे, हरियाणा की मुस्कान भानवाला पांचवें और दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर छठे स्थान पर रही। पुरूषों के 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में उत्तर प्रदेश के अखिल ने नौसेना के नीरज कुमार को 0.2 अंक से हराया। विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर तीसरे स्थान पर रहे। ओलंपियन चैन सिंह (चौथे), निखिल तंवर (पांचवें), गोल्डी गुर्जर (छठे), सिद्धार्थ गौर (सातवें) और आद्रियन कर्माकर (आठवें) इनके बाद रहे। महिला वर्ग में महाराष्ट्र की साक्षी ने कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन को 0.4 अंक से हराया। मध्यप्रदेश की आशी चौकसी तीसरे स्थान पर रही। केरल की विदर्सा के विनोद चौथे, ओलंपियन अंजुम मोद्गिल और सिफत कौर सामरा क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहीं।

## आयरलैंड-इंग्लैंड दौरा : टी20 सीरीज से सिराज बाहर, कृष्णा को मौका

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीसीसीआई ने बताया कि मोहम्मद सिराज को काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है और आयरलैंड तथा इंग्लैंड के दौरों के लिए उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने इस कदम को 'एहतियाती उपाय' बताया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले वह पूरी तरह से उबर सकें। सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः 2 और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए वह टीम का हिस्सा नहीं थे। बीसीसीआई ने कहा, 'तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम से हटा दिया गया है।' 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम और टीम प्रबंधन के बीच चर्चा के बाद सिराज को उनके काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम करने की सलाह दी गई है।' बीसीसीआई ने कहा, 'यह फैसला एहतियाती उपाय के तौर पर लिया गया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले उन्हें ठीक होने का पूरा समय मिल सके। पुरुष चयन समिति ने दोनों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सिराज की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया है।'




## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# हरमनप्रीत की टॉप-10 में वापसी अमेलिया नंबर-1 ऑलराउंडर

एजेंसी ▶▶| दुबई

*आईसीसी महिलाओं की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें न्यूजीलैंड की स्टार अमेलिया केर ने टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में एक बार फिर शीर्ष स्थान अपने नाम कर लिया है। अमेलिया टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से कुछ दिन पहले ही टॉप पोजीशन पर लौटी हैं, जबकि वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं। वहीं भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शीर्ष 10 में वापसी की है।*



### टॉप-10 बल्लेबाजों में तीन भारतीय

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी रैंकिंग में एक स्थान का सुधार किया है। टॉपटन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के निर्णायक मैच में नाबाद अर्धशतक लगाने के बाद कौर ने टॉप 10 में वापसी की है। टॉप-10 में अब तीन भारतीय खिलाड़ी हो गई हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 5वें जबकि शेफाली वर्मा बैटिंग रैंकिंग में 7वें नंबर पर काबिज हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : अब चीन के हू झे आन से होगा मुकाबला

# सनीथ ने जीता क्वालिफिकेशन राउंड, मुख्य ड्रॉ में एंट्री

एजेंसी ▶▶| सिडनी

सनीथ दयानंद ने अपने क्वालीफाइंग मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। क्वालीफाइंग दौर में चौथी वरीयता प्राप्त दयानंद ने पहले स्थानीय खिलाड़ी कारोनो को 21-17, 21-15 से आसानी से हराया और फिर मलेशिया के मिंग होंग लिम को 21-9, 21-16 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। मुख्य ड्रॉ में सनीथ को पहले दौर में चीन के हू झे आन से भिड़ना है।



### मनराज स्पर्धा से हुए बाहर

मनराज सिंह हालांकि अपने दूसरे क्वालीफिकेशन मैच में मलेशिया के इओजीन इवे के खिलाफ 11-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पुरुष युगल मुख्य ड्रॉ में अच्युतादित्य राव और पी अर्जुन रेड्डी की भारतीय जोड़ी का सफर पहले ही दौर में खत्म हो गया जब उन्हें कांकी इगावा और ओई यी हर्न की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 15-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### सिंधू की भिड़ंत कैस्टिलो से आज

एकल में मुख्य दौर के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे, जिसमें भारत की चुनौती की अगुवाई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करेंगी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू अपने अभियान की शुरुआत पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो के खिलाफ करेंगी। सिंधू अगर जीत दर्ज करती हैं तो अगले दौर में उनका सामना साथी भारतीय इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले पहले दौर के मुकाबले के विजेता से होगा।

### गोह जिन वेई से भिड़ेंगी मालविका

महिला एकल में तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चिउ पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ मलेशिया की गोह जिन वेई से भिड़ेंगी। अनमोल खरब को अपने पहले ही मैच में जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा जबकि तान्या हेमंत की भिड़ंत अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगी।

**उत्तर रेलवे**

**रुचि की अभिव्यक्ति (ई०ओ०आई०)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, संभागीय अभियंता – चतुर्थ, दिल्ली संभाग, उत्तरी रेलवे, रोहतक में रोहतक – पानीपत खंड पर एलिवेटेड ट्रैक के अंतर्गत उपलब्ध रेलवे भूमि के सौंदर्यीकरण और रखरखाव के लिए सरकारी निकायों, नगर निगम प्राधिकरणों, गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्टों, कॉर्पोरेट संस्थाओं और अन्य इच्छुक पार्टियों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। इच्छुक पक्ष अपनी ईओआई और मांगी गई जानकारी को सीलबंद लिफाफे में ''संभागीय अभियंता–चतुर्थ, दिल्ली संभाग, उत्तरी रेलवे, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली'' के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**क्षेत्र की सामान्य जानकारी**

| क्रम संख्या | क्षेत्र का विवरण | अनुमानित क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1 | रोहतक में आरओके–पीएनपी खंड पर एलिवेटेड ट्रैक के अंतर्गत उपलब्ध खाली रेलवे भूमि, जिसमें प्लॉट संख्या बी, सी, डी, ई, एफ और एच शामिल हैं, जैसा कि साइट स्केच में दर्शाया गया है। | इसका क्षेत्रफल लगभग 36,523.55 वर्ग मीटर (3.65 हेक्टेयर) |

ईओआई क्रमांक एनआर–डीएलआई / डब्ल्यू–आईवी / ईओआई / 2 / 2026–27
दिनांक: 09.06.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1975/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




27 को गोली मारने के बाद पाक सेना ने जनाजे में शामिल लोगों पर की फायरिंग

# पाक सेना ने पीओके में किया 'नरसंहार', 150 लोगों की मौत का दावा, भारत बोला- बेशर्म देश

*पाकिस्तानी सेना ने प्रदर्शनकारियों को दौड़-दौड़ाकर गोली मारी, जिसमें अब तक कई लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सेना ने रावलकोट में एक जनाजे में शामिल लोगों पर फायरिंग की है*



जनाजे में शामिल लोगों पर फायरिंग करती पाक सेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षाबलों के बीच खूनी संघर्ष में 150 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने प्रदर्शनकारियों को दौड़-दौड़ाकर गोली मारी, जिसमें अब तक कई लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। इस घटना के बाद से पाकिस्तान द्वारा कब्जा किए गए जम्मू-कश्मीर (पीओके) में तनाव बढ़ गया है। इलाके में हो रहे प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी का आरोप है कि सेना ने रावलकोट में एक जनाजे में शामिल लोगों पर फायरिंग की है। बताया जा रहा है कि शाहजेब के जनाजे में शामिल लोग पाकिस्तानी सेना और शहबाज सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे, तभी सुरक्षाबलों ने गोलीबारी शुरू कर दी। कमेटी का आरोप है कि सुरक्षाबलों ने मारे गए प्रदर्शनकारियों के शवों को अपने साथ ले गए। इस घटना के बाद लोगों के बीच भारी गुस्सा है। उससे पहले सेना ने 27 लोगों को गोली मार दी।

## पाक सेना मारे गए प्रदर्शनकारियों के शवों को अपने साथ ले गई

### चुनाव से पहले लोगों ने रखी मांगें

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में जुलाई के महीने में चुनाव होने वाले हैं। लोगों की प्रमुख मांगों में उन 12 आरक्षित सीटों को समाप्त करना शामिल है, जो जम्मू-कश्मीर से विस्थापित होकर पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में रहने वाले लोगों के लिए विधानसभा में निर्धारित हैं। इन 12 सीटों के कारण गैर-स्थानीय लोग पीओके की राजनीति को प्रभावित करते हैं। पाकिस्तान की बड़ी राजनीतिक पार्टियां इस क्षेत्र की सरकारों को नियंत्रित करने में सफल हो जाती हैं। इसके अलावा, सस्ती बिजली, आर्थिक सुधारों, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं की भी मांग की जा रही है, जो लंबे समय से इस इलाके का मुद्दा रहे हैं। पाकिस्तान की सरकार ने इस खास इलाके को नजरअंदाज कर रखा है।

### आलोचकों को बता रहे भारतीय एजेंट

गिलगित-बाल्टिस्तान और पीओके दोनों जगहों पर जो भी पाकिस्तान सरकार की आलोचना करता है, उसे भारतीय एजेंट बता दिया जाता है। हमीद मीर ने कहा कि पाकिस्तान सेना और शासन ने विरोध को दबाने के लिए लोगों को 'भारतीय एजेंट' का लेबल लगा दिया है, जो पाकिस्तान के हित में नहीं है।

### पाक को जवाबदेह ठहराए अंतरराष्ट्रीय समुदाय




रणधीर जायसवाल

भारत ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान हटाने के लिए फ्रेक न्यूज और गलत जानकारी फैला रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम पाक से आने वाली फ्रेक न्यूज़ और वीडियो का एक पैटर्न देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके गलत कामों और ज्यादतियों के लिए जवाबदेह ठहराएगा।

### 50 ब्रिटिश सांसदों ने नापाक हरकत पर जताई चिंता



पीओके के मुजफ्फराबाद में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कश्मीरी प्रदर्शनकारियों पर दमनात्मक कार्रवाई की है। इस संवेदनशील हालात पर चिंता जताते हुए 50 से अधिक ब्रिटिश सांसदों ने विदेश मंत्री यवेट कूपर को पत्र लिखा है। ब्रैडफोर्ड ईस्ट के सांसद इमरान हुसैन ने पत्र में इंटरनेट और मोबाइल सेवा से जुड़ी पाबंदियों का जिक्र किया है। सांसद हुसैन ने कहा कि हम लगातार लॉकडाउन, संचार ब्लैकआउट, गिरफ्तारियों और बढ़ते तनाव की खबरों को लेकर चिंतित हैं। सरकार को सभी राजनयिक चैनलों का उपयोग करना चाहिए।



# ओमान से गुजरात के बीच समुद्र में बिछाई जाएगी गैस पाइपलाइन

***40 हजार करोड़ होंगे खर्च, निजी कंपनी एसएजीई ने रूट और तकनीकी सर्वे पूरा कर लिया***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम खाड़ी में तनाव के बीच ऊर्जा संकट ने दुनिया को सतर्क कर दिया है। भारत तेजी से अनिश्चित भू-राजनीतिक तनाव के बीच अधिक विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है। भारत ने ने ओमान से गुजरात के बीच एक लंबी पाइपलाइन बिछाने के की परियोजना का ऐलान कर दिया है। यह अरब सागर के पार लगभग 2,000 किलोमीटर लंबी एक गहरे समुद्र में बिछाई जाने वाली गैस पाइपलाइन होगी।

### कंपनियां डीपीआर तैयार करेंगी

*इस प्रोजेक्ट को प्रमोट करने वाली संस्था साउथ एशिया गैस एंटरप्राइज (एसएजीई) ने पाइपलाइन के रूट का तकनीकी और फाइनेंशियल पहलू का सर्वे पूरा कर लिया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने देश की दिग्गज सरकारी कंपनियों – गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया (गेल), इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को एसएजीई की प्री-फीजिबिलिटी रिपोर्ट के आधार पर एक डिटेल्ड फीजिबिलिटी रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का जिम्मा सौंपा है। अगर यह असेसमेंट पॉजिटिव रहा तो भारत सरकार ओमान के साथ गैस सप्लाई, फंडिंग और इसके निर्माण को लेकर आधिकारिक बातचीत शुरू कर देगी।*

